वर्ष : 16 | अंक : 104 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर। रविवार 15 फरवरी 2026 । फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष त्रयोदशी, संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

दैनिक
# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर

RNI NO. RAJHIN/2010/35060

▪ Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ



महा शिवरात्रि
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# असम के मोरन में पूर्वोत्तर की पहली इमरजेंसी लैंडिंग सुविधा शुरू, पीएम मोदी ने किया उद्घाटन





बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को असम के डिब्रूगढ़ जिले के मोरन में नेशनल हाईवे पर आपातकालीन लैंडिंग सुविधा (ईएलएफ) का उद्घाटन किया। यह पूर्वोत्तर भारत में अपनी तरह की पहली आपातकालीन लैंडिंग सुविधा है।

### कार्यक्रम स्थल पर विशेष आगमन

प्रधानमंत्री मोदी वायुसेना के विमान से ही कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, जो आपातकालीन लैंडिंग सुविधा (ईएलएफ) पर उतरा। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने पीएम मोदी का मंच पर स्वागत किया।



### राफेल, सुखोई और मिग का एयर शो

उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री ने भारतीय वायुसेना का एयर शो भी देखा। एयर शो में राफेल, सुखोई और मिग फाइटर एयरक्राफ्ट शामिल रहे। फाइटर एयरक्राफ्ट ने हाईवे स्ट्रिप पर सफलतापूर्वक उड़ान भरी और लैंड किया।

### भारी विमान संचालन के लिए तैयार ढांचा

सरकारी बयान के मुताबिक, भारतीय वायुसेना के साथ मिलकर विकसित ईएलएफ को 40 टन तक वजन वाले फाइटर एयरक्राफ्ट और 74 टन तक के मैक्सिमम टेक-ऑफ वजन वाले ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट के संचालन के अनुरूप डिजाइन किया गया है। 4 .2 किमी लंबे मजबूत कंक्रीट वाले हिस्से को मिलिट्री और सिविलियन दोनों तरह के एयरक्राफ्ट को हैंडल करने में सक्षम इमरजेंसी रनवे के तौर पर तैयार किया गया है।

### पीएम मोदी के भाषण की 5 खास बातें

- कांग्रेस के समय असम को पाई-पाई के लिए तरसाया जाता था। तब टैक्स के हिस्से के रूप में सिर्फ 10 हजार करोड़ रुपए मिलते थे। भाजपा की सरकार में 5 गुना ज्यादा मिल रहे हैं।
- जब मैं प्लेन से मोरन हाईवे पर उतरा तो नया इतिहास बन गया। कभी नार्थ ईस्ट का नाम आते ही लोग सोचते थे कि छोड़ो टूटी सड़क मिलेंगी तो कब ही पहुंचेंगे। आज यहां हाईवे पर हवाई जहाज भी लैंड करते हैं।
- भाजपा सरकार ने 10 साल में ब्रह्मपुत्र पर 5 बड़े पुल बनाए। कांग्रेस की 70 साल की सत्ता में 3 पुल बने। यह बताता है कि कांग्रेस ने असम को समस्या दी और हमने समाधान दिए।
- पिछले 12 साल में जब भी कोई नई शुरुआत हुई तो उसका फायदा नार्थ ईस्ट को मिला। वंदे भारत शुरू हुई तो असम नार्थ ईस्ट कनेक्ट हो गया। स्लीपर वंदे भारत भी असम से शुरू हुई।
- असम के लोगों के वोट के कारण यहां लाखों परिवारों के घर बने। शौचालय बने। पीने का पानी घर तक पहुंचा। इस पुण्य का हकदार भाजपा के बूथ का कार्यकर्ता है।

### ईएलएफ की क्षमताओं पर प्रेजेंटेशन

प्रधानमंत्री को मोरन आपातकालीन लैंडिंग सुविधा के महत्व पर एक प्रेजेंटेशन दिखाया गया। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने पीएम मोदी को इसकी तकनीकी और सामरिक विशेषताओं की जानकारी दी।

### डिवाइडर-फ्री स्ट्रिप और सामरिक बढ़त

मोरन ईएलएफ की एक खास विशेषता यह है कि इसमें बीच में रोड डिवाइडर नहीं है, जिससे लैंडिंग और टेक-ऑफ ऑपरेशन के दौरान एयरक्राफ्ट का आवागमन सुगम रहेगा। भारत-चीन सीमा के नजदीक स्थित होने से इसकी स्ट्रेटेजिक अहमियत और बढ़ जाती है।

## पुलवामा शहीदों को राष्ट्र का नमन, अमित शाह और नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अमित शाह ने पुलवामा आतंकी हमले की बरसी पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन है और भारत इसके समूल नाश के लिए दृढ़ संकल्पित है।

### शहीदों के शौर्य को किया नमन

गृह मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्वीटर पर लिखा कि पुलवामा में बलिदान देने वाले वीर जवानों के शौर्य और समर्पण को राष्ट्र सदैव स्मरण रखेगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद से लड़ने वाले सुरक्षा बलों और एजेंसियों के साहस के प्रति देश हमेशा ऋणी रहेगा।

### जम्मू-कश्मीर उपराज्यपाल ने भी दी श्रद्धांजलि

मनोज सिन्हा ने पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को नमन करते हुए कहा कि मातृभूमि के प्रति उनकी निष्ठा, बहादुरी और निस्वार्थ सेवा हर नागरिक को प्रेरित करती रहेगी।

### भाजपा अध्यक्ष और दिल्ली सीएम ने जताया सम्मान

नितिन नबीन ने शहीद जवानों के बलिदान को राष्ट्र की सुरक्षा का अमिट प्रतीक बताया। वहीं रेखा गुप्ता ने कहा कि वीर जवानों का अदम्य साहस और शौर्य देश को सदैव प्रेरित करता रहेगा।

### राष्ट्र ने शहीदों को किया नमन

पुलवामा आतंकी हमले की बरसी पर देशभर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए और वीर जवानों के बलिदान को याद किया गया।

## अब अविमुक्तेश्वरानंद बोले-आप योगी हैं तो मुख्यमंत्री पद पर क्यों

### शंकराचार्य को सरकारी प्रमाण नहीं चाहिए; सीएम बोले थे- कोई भी शंकराचार्य नहीं लिख सकता



बढ़ता राजस्थान

**वाराणसी ( एजेंसी )।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने शनिवार को वाराणसी में कहा कि सनातन धर्म में शंकराचार्य की पहचान किसी राजनीतिक प्रमाणपत्र से नहीं होती। सरकार या कोई राजनीतिक दल यह तय नहीं करेगा कि कौन शंकराचार्य होगा। उन्होंने कहा, सनातन में ऐसी कोई परंपरा नहीं कि कोई मुख्यमंत्री या सरकार प्रमाणपत्र देकर शंकराचार्य नियुक्त करे। इन्होंने स्वामी वासुदेवानंद जी को शंकराचार्य का प्रमाणपत्र दिया। उन्हें हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने रोक रखा है। कोर्ट बार-बार कह रही है कि इन्हें शंकराचार्य न कहा जाए। अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि सपा ने शंकराचार्य को मारा था। आप भी मार चुके हो। मतलब सपा ने जिसे मारा, उसे हम भी मार सकते हैं। अगर यही परिभाषा है, तो आप सपा से अलग कैसे हो सकते हो? जो अहंकार 2015 में अखिलेश के माथे पर चढ़ा था, वही अहंकार आप पर चढ़ गया है। अखिलेश तो बर्बाद हो गए। अब इनका हाल देखिएगा। अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा- परंपरा के तहत ही मुझे ज्योतिष पीठ का शंकराचार्य बनाया गया है। सुप्रीम कोर्ट को भी इसकी जानकारी दे दी गई है। सनातन धर्म में कोई भी संन्यासी शंकराचार्य के पद से ऊपर नहीं है।

## कल जयपुर में बंद रहेगी शराब की दुकानें

### समय नहीं बढ़ाने और प्रशासन की तरफ से परेशान करने से नाराज होकर किया ऐलान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर शहर में 16 फरवरी को शराब की दुकानें बंद रह सकती है। शराब बेचने वाले व्यापारियों का संगठन राज लिकर वेलफेयर सोसायटी ने इसका एलान किया है। सोसायटी ने शराब की बिक्री का समय बढ़ाने और प्रशासन की तरफ से बेवजह परेशान करने के आरोप में ये निर्णय किया है। इस निर्णय से जयपुर शहर में शराब की 350 से ज्यादा दुकानें बंद रहेगी।

सोसायटी के अध्यक्ष निलेश मेवाड़ा ने बताया- सरकार ने जो आबकारी नई पॉलिसी बनाई है, उसमें शराब कारोबारियों पर शराब की बिक्री ज्यादा बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

## राहुल का आरोप, ट्रेड डील से कपास किसानों को नुकसान

### सोशल मीडिया पोस्ट में बोले- व्यापार समझौता आगे कुआं, पीछे खाई की हालत में फंसाने वाला जाल



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि ट्रेड डील से कपास उगाने वाले किसानों और कपड़ा उद्योग पर उल्टा असर पड़ेगा।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्वीटर पर शनिवार को अपने वीडियो पोस्ट में राहुल ने आरोप लगाया कि 18% टैरिफ बनाम 0% समझाता हूं, कैसे झूठ बोलने में माहिर प्रधानमंत्री और उनकी कैबिनेट इसपर भ्रम फैला रहे हैं, और किस तरह से वो भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से देश के कपास किसानों और टेक्सटाइल एक्सपोर्टर्स को धोखा दे रहे हैं।

**राहुल बोले- बांग्लादेश भारत से कपास आयात बंद कर सकता है**-पोस्ट में राहुल ने कहा कि बांग्लादेश को अमेरिका में गारमेंट्स निर्यात पर 0% टैरिफ का फायदा दिया जा रहा है - शर्त बस इतनी है कि वो अमेरिकी कपास आयात करें। राहुल ने बताया कि भारत के गारमेंट्स पर 18% टैरिफ की घोषणा के बाद जब मैंने संसद में बांग्लादेश को मिल रही खास रियायत पर सवाल उठाया, तब मोदी सरकार के मंत्री का जवाब आया - अगर यही फायदा हमें भी चाहिए, तो अमेरिका से कपास मंगवानी होगी। आखिर, ये बात तब तक देश से छुपाई क्यों गई? और, ये कैसी नीति है? क्या यह सचमुच में कोई विकल्प है - या फिर आगे कुआं, पीछे खाई की हालत में फंसाने वाला जाल? पोस्ट में राहुल बोले अगर हम अमेरिकी कपास मंगवाते हैं तो हमारे अपने किसान बर्बाद हो जाएंगे। अगर नहीं मंगवाते, तो हमारा टेक्सटाइल उद्योग पिछड़कर तबाह हो जाएगा। और, अब बांग्लादेश यह संकेत दे रहा है कि वह भारत से कपास आयात भी कम या बंद कर सकता है।

## साध्वी प्रेम बाईसा की हार्ट अटैक से हुई थी मौत

### कंपाउंडर की 3 स्तर पर लापरवाही आई सामने; 44 लोगों के बयान लिए थे

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर।** कथावाचक साध्वी प्रेम बाईसा की मौत हार्ट अटैक से हुई थी। जोधपुर पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश ने यह खुलासा शनिवार शाम किया है। कमिश्नर ने बताया- मेडिकल बोर्ड की विस्तृत रिपोर्ट के अनुसार साध्वी की मौत का मुख्य कारण फेफड़ों की गंभीर बीमारी के चलते आया हार्ट अटैक (कार्डियोपल्मोनरी अरेस्ट) था। जांच में यह भी सामने आया है कि इलाज के दौरान कंपाउंडर देवी सिंह की ओर से नियमों की अनदेखी की गई। इस स्थिति में लापरवाही सामने आई।

## बीजेपी नेता को रोहित गोदारा गैंग की धमकी, फिरौती मांगी

बढ़ता राजस्थान

**नागौर।** नागौर में भाजपा नेता को रोहित गोदारा गैंग ने रंगदारी के लिए धमकी दी है। बीजेपी के नागौर देहात जिला उपाध्यक्ष विजय सिंह पलाड़ा को विदेशी नंबर से आए वॉयस नोट भेजा गया है। जिसमें आरोपी ने धमकी देते हुए कहा- भाईचारे की बात करना चाहते हैं। लेकिन, कुछ दूसरा सोच रखा है तो बता देना। विजय सिंह को ये वॉयस नोट शुक्रवार रात 9:15 बजे मिला था। विजय सिंह ने बताया कि शनिवार दोपहर जब मिसकॉल आया तो इस धमकी भरे मैसेज के बारे में पता चला। दरअसल, वॉयस नोट भेजने वाले में अपना नाम राहुल फतेहपुर बताया। दावा किया कि वह रोहित गोदारा और वीरेंद्र चारण के ग्रुप से है। उसने कहा- रोहित गोदारा और वीरेंद्र चारण का खास आपके लिए मैसेज है। भाईचारे वाली बात है। ग्रुप की फाइनेंशियल मदद करो..कल तक का आपके पास समय है। इसके बाद धमकी भरे लहजे में कहा- अगर दाएं-बाएं कुछ सोचते हो तो कल तक हमें बता देना।


## पाकिस्तान के ड्रामे के बाद भारत-पाक के बीच मुकाबला आज

### पांच महीने बाद टी-20 वर्ल्डकप में फिर आमने-सामने होंगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत और पाकिस्तान की टीमें पांच महीने बाद एक बार फिर क्रिकेट के मैदान पर आमने-सामने होंगी। यह टी20 विश्व कप का सबसे चर्चित मुकाबला होगा जिसे देखने के लिए दोनों देशों के क्रिकेट प्रशंसक काफी उत्सुक हैं। पाकिस्तान ने मैच के बहिष्कार के अपने फैसले पर यू-टर्न लेकर प्रेमादासा स्टेडियम पर यह मैच खेलने का फैसला लिया। वैसे तो विश्व कप में भारत का पलड़ा पाकिस्तान पर भारी रहा है, लेकिन टी20 में किसी भी टीम को हल्के में नहीं लिया जा सकता है।

**हेड टू हेड रिकॉर्ड**-टी20 विश्व कप में भारत और पाकिस्तान के बीच अब तक आठ बार मुकाबले खेले जा चुके हैं। सात बार टीम इंडिया ने मैच जीता है, जबकि एक बार पाकिस्तान की टीम जीत हासिल करने में सफल रही है। वनडे और टी20 दोनों विश्व कप मिलाकर भारतीय टीम सिर्फ एक बार पाकिस्तान से हारी है। यह मैच 2021 टी20 विश्व कप में खेला गया था, जिसे पाकिस्तान ने 10 विकेट से जीता था।



### दबदबा बरकरार रखने उतरेगा भारत

दोनों टीमों के क्रिकेटरों ने इसे आम मैच बताकर हाइप कम करने की पूरी कोशिश की। लेकिन दोनों टीमों की क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता और खासकर इस मैच की पृष्ठभूमि को देखते हुए यह तो तय है कि अब कोई इसे हारना नहीं चाहेगा। हारने पर अपने प्रशंसकों की आलोचना सहना दोनों में से किसी टीम को मंजूर नहीं होगा और वह भी तब जब विश्व कप के अहम मुकाबले अभी आने बाकी हैं। इस वैश्विक टूर्नामेंट में जब भी इन दोनों टीमों का मुकाबला हुआ है तो पारा काफी चढ़ा रहता है। इस बार में कुछ ऐसा ही नजारा देखने की उम्मीद है। भारत और पाकिस्तान की टीमों के बीच जब मुकाबला होता है तो मैदान पर तापमान बढ़ जाता है। दोनों टीमों के खिलाड़ी भी अपनी भावनाओं पर नियंत्रण नहीं रख पाते हैं।

# मिली सौगातः गौतम बाबा पुलिया और सिरोही में मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट

- आधारभूत संरचनाओं के विकास को लेकर महत्वपूर्ण घोषणाएं
- राज्यमंत्री ने बताया बजट में सिरोही जिले को मिली बड़ी सौगातें

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** पंचायतराज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने बताया कि बजट घोषणाओं में सिरोही जिले को कई बड़ी सौगातें मिली हैं। मुख्यतः मीणा समाज के आराध्य गौतमजी-देवो का वेरा पुलिया के लिए साढ़े सोलह करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसी तरह सिरोही में पचास हजार लीटर प्रतिदिन क्षमता का मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित करने की भी घोषणा की है। जिले में आधारभूत संरचनाओं के विकास को लेकर की गई महत्वपूर्ण घोषणाओं से विकास को नई गति मिलेगी। वे शनिवार को यहां सर्किट हाउस में बजट को लेकर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि गौतमजी-देवो का वेरा आरसीसी पुलिया निर्माण सहित विभिन्न सड़क कार्यों के लिए करोड़ों रुपए की स्वीकृति दी गई है। रेवदर, पिंडवाड़ा और सिरोही क्षेत्र में कई सड़क और पुलिया निर्माण कार्य प्रस्तावित किए हैं। आबूरोड-मंडार-सांचौर राजमार्ग के लिए 535 करोड़ रुपए की घोषणा की गई है। इसके साथ ही प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच ट्यूबवेल और दस हैंडपंप लगाए जाएंगे। जिले में नए 33 केवी जीएसएस निर्माण कार्य भी स्वीकृत किए गए हैं। माउंट आबू स्थित संत सरोवर झील के पुनर्विकास एवं पार्क के सुदृढ़ीकरण के लिए बजट प्रावधान किया गया है। शिवगंज के कानाकोलर में देवनारायण बालिका आवासीय विद्यालय में विज्ञान संकाय खोला जाएगा। वहीं, पिंडवाड़ा के ठंडी बेरी में जनजाति बालिका छात्रावास का निर्माण किया जाएगा। सिरोही कारागार में आधारभूत कार्य और मुलाकात कक्ष का निर्माण, लूनेरी बांध के जीर्णोद्धार, डाबरकला पशु चिकित्सा केंद्र के क्रमोन्नयन और गोशाला संवर्धन से जुड़े कार्य भी प्रस्तावित हैं। माउंट आबू वन्यजीव अभयारण्य में जैव विविधता संरक्षण के कार्य करवाए जाएंगे। जिले के राजकीय विद्यालयों में आधारभूत संरचनाओं और शौचालय निर्माण पर भी ध्यान दिया जाएगा। साथ ही जिले की विभिन्न मिसिंग लिंक और नॉन पेचेबल सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। राज्यमंत्री देवासी ने बताया कि इन घोषणाओं से जिले के विकास को नई दिशा मिलेगी और आमजन को सीधा लाभ प्राप्त होगा।

इस दौरान विधायक समाराम गरासिया गरासिया, जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, भाजपा जिला महामंत्री नरपतसिंह राणावत, वरिष्ठ नेता वीरेंद्रसिंह चौहान, जिला मीडिया प्रभारी रोहित खत्री, चिराग रावल, बाबूसिंह मांकरोड़ा आदि मौजूद थे।



### प्रदेश से प्रस्तावित रहे जिलास्तरीय कार्यक्रम

राजस्थान बजट को लेकर प्रदेशभर में दो दिवसीय प्रेस वार्ता के कार्यक्रम प्रस्तावित किए गए। इसके तहत प्रत्येक जिले में मंत्री, विधायक, प्रदेश प्रतिनिधि व जिलाध्यक्ष को मौजूद रहने का दायित्व दिया गया। सिरोही में राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, विधायक समाराम गरासिया व पूर्व विधायक जगसीराम, प्रदेश से महेंद्र कुमावत व जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी को दायित्व सौंपा गया।

### दायित्व ही मिला पर अधिकतर नदारद

यह दिलचस्प रहा कि सिरोही में जिन जनप्रतिनिधियों को दायित्व सौंपा गया था, उनमें से अधिकतर नदारद ही रहे। यहां राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने अकेले ही प्रेस वार्ता की। अंतिम समय में विधायक समाराम गरासिया पहुंचे। उन्होंने अपनी हाजिरी दर्शाने की खातिर समाचार में अपना नाम व फोटो प्रकाशित करने का अनुरोध किया। पूर्व विधायक जगसीराम, प्रदेश प्रतिनिधि व जिलाध्यक्ष नजर ही नहीं आए।

## 4 दिवसीय खेल सप्ताह सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** संजीवनी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, उदयपुर की ओर से एमबी कॉलेज ग्राउंड में 4 दिवसीय खेल सप्ताह का शनिवार को समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रोटरी क्लब उदय के अध्यक्ष राघव भटनागर थे। कॉलेज के निदेशक अशोक लिंजारा ने बताया कि इस खेल सप्ताह में शतरंज, वॉली बॉल, खो- खो, कबड्डी, क्रिकेट, बेड मिनटन, फुटबॉल, रस्सा कस्सी आदि खेलों का आयोजन किया गया। संजीवनी किंग्स एवं संजीवनी टाइगर्स के बीच में क्रिकेट का फाइनल मैच खेला गया। जिसमें संजीवनी टाइगर्स फाइनल मैच का विजेता रहा। मैन ऑफ द मैच का खिताब बलवंतसिंह और जितेंद्र सिंह को मिला एवं मैन ऑफ द सीरीज का खिताब प्रियांशु व्यास ने अपने नाम किया। इस दौरान विजेता टीमों एवं सदस्यों को अशोक लिंजारा एवं भव्य लिंजारा द्वारा पुरुस्कृत किया गया। इस अवसर पर शालिनी भटनागर एवं संजीवनी नर्सिंग के निदेशक अशोक लिंजारा, भव्य लिंजारा, युगल स्वर्णकार, संजीवनी बी.एड. की प्राचार्य डॉ वाणी भट्ट,भरत मेघवाल, समस्त स्टॉफ व विद्यार्थी मौजूद थे।

## अवैध मादक पदार्थ रखने के दो आरोपी गिरफ्तार, 4 किलो 900 ग्राम अवैध डोडा पोस्ट छिलका जब्त

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार करके 4 किलो 900 ग्राम अवैध डोडा पोस्त छिलका जब्त किया है। थानाधिकारी घासीराम मीणा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राजेशकुमार मीणा के निर्देशानुसार क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध कार्यवाही को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव व पुलिस उपाधीक्षक रवि प्रकाश शर्मा के सुपरविजन में पुलिस की विशेष टीम का गठन किया। टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए गोविन्दपुरा से खणदेवत रोड की ओर जाने वाले रास्ते से आरोपी मुमताज कुरैशी पुत्र छन्नू मिया निवासी मस्जिद के सामने रेल्वे स्टेशन रोड निवाई व मुकेश रैगर पुत्र धन्नाराम रैगर निवासी ढींग की ढाणी कच्ची बस्ती खणदेवत रोड निवाई को गिरफ्तार करके आरोपितों से 4 किलो 900 ग्राम अवैध डोडा पोस्त छिलका जब्त किया है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर लिया है।

## संसद में उदयपुरः सिकल सेल एनिमिया जांच एवं उपचार के लिए राजस्थान में आरएनटी मेडिकल कॉलेज उदयपुर को बनाया सेंटर, देश में 17 सेंटर आफ एक्सीलेंस

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** मोदी सरकार की अभिनव प्रयोग और देश की 13 करोड़ आदिवासियों में संभावित सिकल सेल एनीमिया सिकल सेल एनिमिया जांच एवं उपचार के लिए देश में 17 सेंटर आफ एक्सीलेंस स्थापित किए गए हैं जिसमें राजस्थान में आरएनटी मेडिकल कॉलेज उदयपुर एक है।

सांसद डॉ मन्नालाल रावत की ओर से संसद में पूछे गए प्रश्न पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने यह जानकारी दी। सांसद डॉ रावत ने राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन के अंतर्गत दिसंबर 2025 तक सिकल सेल रोग (एससीडी) के लिए जांच किए गए व्यक्तियों की कुल संख्या, जांचों के आधार पर वाहक (सिकल मेल लक्षण) और रोगी (सिकल सेल रोग) के रूप में पहचाने गए व्यक्तियों की संख्या को लेकर प्रश्न किया था। साथ ही यह जानकारी मांगी कि क्या सरकार ने वर्ष 2025 के अंत तक सात करोड़ व्यक्तियों की जांच का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने बताया कि राष्ट्रीय सिकल मेल एनीमिया उन्मूलन मिशन (एनएससीएईएम) के अंतर्गत, प्रभावित 17 जनजातीय राज्यों में जिला अस्पतालों (डीएच) से लेकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) स्तर तक के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में 0-40 वर्ष के लक्षित आयु वर्ग के व्यक्तियों की सिकल सेल रोग (एससीडी) के निदान के लिए जांच की जाती है। सिकल सेल रोग पोर्टल के अनुमार 3 फरवरी 2026 तक देश के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में 6.83 करोड़ से अधिक व्यक्तियों की जांच की गई है। इस अवधि में कुल 2,37,981 व्यक्तियों को रोगग्रस्त और 19,32,500 व्यक्तियों को सिकल सेल रोग का वाहक पाया गया है। राजस्थान में 37 लाख 6 हजार 689 लोगों की जांच की गई जिनमें 2 हजार 885 रोगग्रस्त तथा 8 हजार 453 रोग वाहक पाए गए।

## हम न्याय करना चाहते हैं इसलिए न्याय संहिता लेकर आए

### त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव में पहुंचे केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** आबूरोड के ब्रह्माकुमारी संस्थान में त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव को लेकर शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री अर्जुनराम मेघवाल का आतिथ्य रहा। उन्होंने शिवाभिषेक कर मुख्य कार्यक्रम का आगाज किया। उन्होंने समारोह में कहा कि हमें मूल्य आधारित समाज बनाने की जरूरत है। इसके लिए जागरूकता जगाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि देश के कानूनों में तेजी से सुधार हो रहा है। अंग्रेजों के बनाए कानूनों में सुधार किया गया है। अंग्रेज भारतीयों को दंड देना चाहते थे इसलिए दंड संहिता लेकर आए, लेकिन हमें अपने देश के लोगों को न्याय देना चाहते हैं इसलिए हम न्याय संहिता लेकर आए हैं। सीआरपीसी की जगह भारतीय सुरक्षा अधिनियम लागू हो गया है। कार्यक्रम में भारतीय सर्व धर्म संसद के राष्ट्रीय संयोजक महर्षि भृगु पीठ के गोस्वामी सुशील महाराज समेत अन्य वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए।





## हिंदुस्तान जिंक की हर सखी महिला हिम्मत की मिसाल है-चेतना भाटी







बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** महिलाओं की पहुंच से कुछ भी दूर नहीं हैएबस आगे बढ़ने का पक्का इरादा चाहिए। यह जज्बा हिंदुस्तान जिंक से जुड़ी सखी महिलाओं में दिखता है जो स्वयं की सशक्तिकरण की यात्रा से दूसरों को प्रेरित करती रहती हैं। अंतरर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर जिंक स्मेल्टर देबारी में स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हिंदुस्तान जिंक मंजरी फाउंडेशन एवं हनुमान वन विकास समिति द्वारा आयोजित सखी उत्सव में हर सखी को और भी अधिक महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदयपुर चेतना भाटी ने कहा कि आज महिलाएं तेजी से आत्मनिर्भर और आत्मविश्वास से पूर्ण हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं को परिवार की जिम्मेदारियों को बांटने में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना चाहिएए ताकि उनके बच्चे बेहतर शिक्षा और बेहतर भविष्य पा सकें। उन्होंने कहा कि महिलाएं अब सभी क्षेत्रों में अहम योगदान देने वाली के तौर पर उभर रही हैंए जो सही मायने में महिला सशक्तिकरण का सार दिखाता है। भारतीय संस्कृति और मूल्यों से जुड़ी महिलाएं घर और काम की जगह दोनों को मजबूत बना रही हैं और चुनौतियों का डटकर सामना कर वे समाज और देश की तरक्की में अहम भूमिका निभा रही हैं।

इस मौके पर वेदांता की हेड सीएसआर अनुपम निधिए एसबीयू डायरेक्टर विवेक यादवएयूनिट एचआर हेड अनिल गादियाए हेड सीएसआर रुचिका नरेश चावलाए सीएसआर से अपर्णा व्यास मजदूर संघ के प्रकाश श्रीमालीए मांगी लाल अहीर एवं जिंक स्मेल्टर देबारी के एग्जीक्यूटिव लेडीज क्लब की सदस्य मौजूद थीं।

विवेक यादव ने कहा कि महिलाएं हमारे समुदायों की असली ताकत हैंए जो घर और काम की जगह पर जिम्मेदारियों को आसानी से संतुलित करती हैं। उन्होंने सखी समुदाय की हर महिला को आत्मनिर्भर और मजबूत बनाने के लिए संगठन की प्रतिबद्धता दोहराई। सखीए समाधान और जिंक कौशल जैसी खास पहलों के माध्यम से हिंदुस्तान जिंक समुदायों के साथ मिलकर एक मजबूत और अधिक समावेशी भविष्य बनाने के लिए कार्य कर रहा है। सखी परियोजना के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि महिला सशक्तिकरण कंपनी की अन्य परियोजनाओं के साथ ही प्रमुखता में है। उन्होंने कहा कि वेदांता ग्रुप और हिंदुस्तान जिंक मेंए महिलाएं न केवल लीडरशिप रोल में हैंए बल्कि माइनिंग ऑपरेशन्स को भी एक्टिवली मैनेज कर रही हैं और अपने पुरुष साथियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही हैं।

## शहर और गांव का सेतु, संस्कृति का जीवंत मंच बना अमृता हाट

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** शहर की तेज रफ्तार जिंदगी के बीच अमृता हाट आज एक ऐसा ठहराव बनकर उभरा है, जहां महिलाओं की मेहनत, हुनर और आत्मनिर्भरता की कहानी सजीव रूप में दिखाई देती है। मिट्टी की सौंधी खुशबू, हथकरघे के रंग-बिरंगे वस्त्र, देसी मसालों की महक और अपनत्व से भरी बातचीतकृइन सबके बीच अमृता हाट महिला सशक्तिकरण का सशक्त प्रतीक बन चुका है। यह केवल खरीद-बिक्री का स्थान नहीं, बल्कि उन महिलाओं की पहचान है जिनका हुनर वर्षों तक घरों की चारदीवारी में सीमित रहा।



हाट में स्टॉल लगाने वाली महिलाओं का कहना है कि पहले उनके उत्पाद बड़े बाजारों तक तो पहुंचते थे, लेकिन पहचान और मुनाफा बिचैलियों के हाथ चला जाता था। अमृता हाट ने यह दूरी समाप्त कर दी। अब महिलाएं स्वयं अपने उत्पाद बेच रही हैं और ग्राहकों से सीधे संवाद कर रही हैं। इससे न केवल उत्पाद का मूल्य बढ़ा है, बल्कि महिलाओं के आत्मविश्वास को भी नई मजबूती मिली है। प्रशासन और महिला अधिकारिता विभाग की ओर से वर्ष 2015-16 से आयोजित हो रहा अमृता हाट महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस वर्ष इसका आयोजन 18 फरवरी से किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में महिला स्वयं सहायता समूह और महिला उद्यमी भाग ले रही हैं। अचार, पापड़, मसाले और मोटे अनाज से बने उत्पाद अब बेहतर पैकेजिंग और गुणवत्ता के साथ बाजार में उपलब्ध हैं। इससे महिलाओं को नियमित आय मिल रही है और परिवार व समाज में उनका सम्मान बढ़ा है। अमृता हाट सांस्कृतिक सशक्तिकरण का भी मंच है, जहां पारंपरिक आभूषण, लोक परिधान और हस्तकला आधुनिक जरूरतों के अनुरूप प्रस्तुत हो रही है। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक संजय जोशी ने बताया कि हर साल अमृता हाट में 80 से 120 स्टॉल लगाए जाते हैं। इस बार सांस्कृतिक आयोजनों के साथ खेल गतिविधियां भी आकर्षण का केंद्र होंगी।

## महाशिवरात्रि व होली को लेकर प्रागपुरा थाना सतर्क, जाम और ट्रैफिक अव्यवस्था पर सख्त कार्रवाई के संकेत

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** प्रागपुरा थाना क्षेत्र में आगामी महाशिवरात्रि और होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से एक प्रतिनिधिमंडल ने थाना प्रभारी भजनाराम से शिष्टाचार भेंट कर विभिन्न जनहित मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक के दौरान प्रतिनिधियों ने पावटा कस्बे में आये दिन लगने वाले जाम पर गंभीर चिंता जताई। त्यौहारी सीजन में बाजारों में बढ़ती भीड़, अव्यवस्थित पार्किंग और वाहनों की अत्यधिक आवाजाही से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस पर प्रभावी यातायात योजना बनाते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की मांग की गई।



इसके अतिरिक्त नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा के शहरी क्षेत्र के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण इलाकों में नियमित गश्त बढ़ाने, संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने तथा मुख्य बाजारों में पुलिस उपस्थिति सुनिश्चित करने का सुझाव भी रखा गया। प्रतिनिधिमंडल ने पावटा में हाइवे की दोनों ओर लगने वाली लंबी ट्रैफिक कतारों तथा टसकौला-भौनावास पुलिया के नीचे व्याप्त यातायात अव्यवस्था का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। भारी वाहनों के अस्थायी ठहराव और अनियंत्रित आवागमन से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस संबंध में यातायात संकेतक लगाने, बैरिकेडिंग करने तथा नियमित पुलिस निगरानी बढ़ाने की आवश्यकता बताई गई। थाना प्रभारी भजनाराम ने आश्वस्त करते हुए कहा कि महाशिवरात्रि और होली जैसे महत्वपूर्ण पर्वों पर कानून-व्यवस्था एवं यातायात नियंत्रण हमारी प्राथमिकता है। क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी, संवेदनशील स्थानों पर विशेष नजर रखी जाएगी और जाम की समस्या के समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर एडवोकेट देवांश सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता रामसिंह खारवाल, लक्ष्मीनारायण कुमावत, राजेश कुमार हाडिया, कंवर सिंह, रितेश कुमार, पकंज यादव सहित स्थानीय थाना के पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और सभी ने मिलकर क्षेत्र में शांति एवं भाईचारे का संदेश देने का संकल्प लिया।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का उदयपुर में भव्य स्वागत, कार्यकर्ताओं में उत्साह

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर, ( नि.स. )।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के उदयपुर आगमन पर भारतीय जनता पार्टी शहर जिला उदयपुर द्वारा गुलाब बाग दरवाजा के चौराहा पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा,शहर जिलाध्यक्ष गजपालसिंह राठौड़ के नेतृत्व में जिला महामंत्री पारस सिंघवी, देवीलाल सालवी,डॉ.पंकज बोराणा,पूर्व महापौर रजनी डांगी,जिला उपाध्यक्ष करण सिंह शक्तावत,किरण तातेड, जिला मंत्री प्रकाश अग्रवाल, हजारी जैन,सपना कुड़िया, बडगांव पंचायत समिति पूर्व प्रधान प्रतिभा नागदा, कृष्णकांत कुमावत,प्रवक्ता दूदाराम पटेल,ओम पारिख,डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी मण्डल अध्यक्ष विजय आहुजा, महेशपुरी गोस्वामी,महामंत्री राजमल चित्तोड़ा, सुनील व्यास,जगदीश मेनारिया, गजेंद्र अग्रवाल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष ओम खोखावत, पार्षद गोपाल जोशी,रमेश जैन सहित प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी ,मोर्चा एवं मंडल पदाधिकारी वर्तमान एवं पूर्व पार्षद, अग्रवाल समाज के गणमान्य प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक मुख्यमंत्री जी का शौर्य बलिदान,वीरता की पावन धरा मेवाड़ उदयपुर पधारने पर भव्य स्वागत अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री के स्वागत में महाराणा प्रताप की प्रतिमा,वात्सल्य समिति की ओर से गौ माता की पीतल की प्रतिमा भेंट करने के साथ पुष्पवर्षा एवं माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। मीडिया प्रभारी डॉ सीमा चंपावत ने कहा कि अवसर पर कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा संगठन की एकजुटता का प्रभावी प्रदर्शन हुआ। उपस्थित पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का उदयपुर आगमन पर अभिनंदन करते हुए संगठन की मजबूती और विकास के संकल्प को दोहराया।



## सर्द मौसम में रमजान की आमद की तैयारी, शाही जामा मस्जिद प्रागपुरा में बढ़ी रौनक

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** इस वर्ष रमजान का पवित्र महीना 18 या 19 फरवरी से शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। चांद दिखाई देने के साथ ही रमजान का आगाज होगा। करीब तीन दशक बाद रमजान सर्दियों के मौसम में आ रहा है, जिससे रोजेदारों को रोजा रखने में खास सहूलियत मिलेगी। शाही जामा मस्जिद प्रागपुरा के वक्फ बोर्ड सदर आमीन मंसूरी ने पावटा उपखंड के शहरी व ग्रामीण इलाकों के मुस्लिम समुदाय से अपील करते हुए कहा, ठंडे मौसम में आने वाला रमजान इबादत के लिए बेहद अनुकूल है। सभी लोग मस्जिदों में नमाज, तरावीह और इबादत के साथ-साथ आपसी भाईचारे और सौहार्द को भी मजबूत करें। धार्मिक जानकारों के अनुसार इस्लामी (हिजरी) वर्ष 354 या 355 दिनों का होता है, जबकि ईस्वी कैलेंडर 365 दिनों का।



इसी कारण हर वर्ष रमजान लगभग 10-11 दिन पहले आता है और लगभग 33 वर्षों में सभी ऋतुओं का एक चक्र पूरा कर लेता है। जानकारी के अनुसार इससे पहले वर्ष 1995 में रमजान फरवरी में आया था। नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा क्षेत्र सहित आसपास के गांवों में मस्जिदों की साफ-सफाई, रोशनी और तरावीह की नमाज की व्यवस्थाएं शुरू हो चुकी हैं। बाजारों में भी रमजान को लेकर हलचल बढ़ने लगी है और समुदाय में उत्साह का माहौल है।

रमजान इस्लामी कैलेंडर का नौवां महीना है, जिसे इबादत, रोजा, दान और आत्मसंयम का महीना माना जाता है। समुदाय के लोगों का कहना है कि सर्द मौसम में आने वाला यह रमजान इबादत के साथ-साथ सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का विशेष संदेश लेकर आएगा।

# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में वार्षिक खेल महोत्सव 'तरंग 2026' का भव्य शुभारंभ

**14 फरवरी से 23 फरवरी तक आयोजित वार्षिक खेल महोत्सव का शुभारम्भ राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने किया**

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** राष्ट्रीय महत्व के संस्थान में वार्षिक खेल महोत्सव 'स्पोर्ट्स तरंग 2026' का भव्य आगाज किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने किया। इस वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन 14 फरवरी से 23 फरवरी तक संस्थान में किया जायेगा।

कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी खेल में जीत या हार से अधिक महत्वपूर्ण उसमें भाग लेना है। खेलकूद युवाओं और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। कक्षाओं में विद्यार्थियों को विषय का ज्ञान दिया जाता है, लेकिन खेल के मैदान में वे जीवन के महत्वपूर्ण अनुभव सीखते हैं। खेल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाते हैं तथा मजबूत व्यक्तित्व की नींव रखते हैं। खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व जैसे गुणों का भी विकास करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

संस्थान की खेल समिति के आयोजक डॉ. सजंय अग्रवाल एवं डॉ. विपिन्न तंवर ने जानकारी दी कि इस वर्ष कुल 14 खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इनमें पहली बार चार नए खेल खो-खो, बास्केटबॉल, शॉट पुट और डिस्कस थ्रो को शामिल किया गया है। नए खेलों के शामिल होने से विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

उद्घाटन समारोह के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। आगामी दिनों में आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। पूरे परिसर में उत्साह और उमंग का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर कुलसचिव अनिता शर्मा, प्रोफेसर पी. हेमंता, सभी विभागाध्यक्ष, चिकित्सक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## एसपी ने इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम ई-चालान का किया शुभारम्भ

**सडक्रों पर बढ़ेगा अनुशासन, लोगों में यातायात नियमों का पालन करने की आदत होगी विकसित**

बढ़ता राजस्थान



**कोटपुतली (बिल्लूराम सैनी)।** जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई द्वारा शुक्रवार को इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम का पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शुभारम्भ किया गया। आई.टी.एम.एस. एक इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम है, जिसमें हाई डेफिनेशन सीसीटीवी कैमरे के जरिये यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों पर निगरानी की जाकर प्रर्वतन की कार्यवाही की जावेंगी। जिले में हाई डेफिनेशन सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से 24&7 ट्रैफिक की निगरानी हेतु एनआईसी कार्मिक व जिला एडमिन द्वारा आईटीएमएस के जरिये ई-चालान किये जावेंगें। यह प्रणाली यातायात सुरक्षा और शहर में आवाजाही को बेहतर बनाने के लिये बहुत महत्वपूर्ण है। इसकी मदद से मैनेजमेंट सैंटर में उन वाहनों पर भी नजर रखी जावेगीं, जो ट्रैफिक नियमों को तोड़ते हैं। यह कैमरा ऐसे वाहनों की रियल टाईम इमेज लेता है और रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर चालान काट दिया जाता है। जिसके बाद वाहन मालिक को एसएमएस अलर्ट के जरिये ई-चालान की सूचना मिल जायेगी। इस सिस्टम के तहत जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 48 पर कुल 17 स्थानों पर हाई क्वालिटी वाले स्मार्ट कैमरे लगाये गये हैं। इन कैमरों का मुख्य कार्य ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों की निगरानी और उन पर कार्यवाही करना है। आईटीएमएस के लिये जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया है। आईटीएमएस सिस्टम के लागू होने से सडक्रों पर अनुशासन बढ़ेगा और लोगों में यातायात नियमों का पालन करने की आदत विकसित होगी व सडक़ दुर्घटना में होने वाली मृत्यु में कमी लाई जावेगी। हेलमेट व निर्धारित गति सीमा जैसे नियम जीवन सुरक्षा से जुड़े हैं। इसलिये इनका पालन बेहद जरूरी हैं।

## विराज फाउंडेशन के द्वारा 2 से 8 अप्रैल तक श्रीमद्भागवत कथा रस महोत्सव का होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)** । विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में 2 अप्रैल से 8 अप्रैल तक राजविलास गार्डन, जयपुर रोड, चौमू में श्रीमद्भागवत कथा रस महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस पावन आयोजन के लिए फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाड़ी, शिक्षा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह सोलंकी सहित अन्य पदाधिकारियों ने श्रीधाम वृंदावन पहुंचकर सुप्रसिद्ध, यशस्वी और अनुभवी भागवत प्रवक्ता पूज्य परम श्रद्धेय सुमंत कृष्ण शास्त्री महाराज से सादर भेंट की और उन्हें कथा वाचन हेतु आमंत्रित किया। फाउंडेशन के प्रदेश मीडिया प्रभारी दिनेश कुमार कुमावत एवं जयप्रकाश तिवाड़ी ने बताया कि इस कथा महोत्सव का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना का जागरण करना और धर्म, भक्ति एवं संस्कारों का प्रसार करना है।

## ताखर पंचकर्म एवं नेचुरोपैथी सेंटर का हुआ उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

**रींगस (नि.स.)।** खाटूश्याम जी रोड स्थित रुक्मणी गार्डन ताखर हॉस्पिटल में शनिवार को विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं पंचकर्म एवं नेचुरोपैथी सेंटर का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि खंडेला विधायक सुभाष मील एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के साथ फीता काटकर किया गया। उद्घाटन में वरिष्ठ जन सेवा समिति के अध्यक्ष पेमाराम चौधरी, थाना अधिकारी सुरेश कुमार देवन्दा, ताखर हॉस्पिटल के संरक्षक मनभरी देवी, रिछपाल सिंह लाम्पुआ, अशोक धायल, डॉ अजय सक्सेना, रक्षपाल धायल, लक्ष्मण सामोता, सूरजमल घोषल्या, सरदार धायल, एडवोकेट दीपक बाजिया, डॉ शंकर लाल शर्मा, प्रधानाचार्य कीर्ति सिंह,सुनील कुमावत, रामलाल बिजारणिया उपस्थित रहे।

## पुलवामा हमले में हुए शहीदों कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान

**रींगस (नि.स.)।** पुलवामा हमले में हुए शहीदों जवानों को सभी राजकीय विद्यालय एवं गैर सरकारी विद्यालयोंआभावास में इस दिन को ब्लैक डे के रूप में मनाया जाता है। सभी संस्था प्रधानों एवं छात्र-छात्राओं ने भारत माता की वीर सपूतों को 2 मिनट का मौन धारण करके श्रद्धांजलि दी गई। इसी तरह अंबेडकर युवा संगठन समिति के द्वारा अंबेडकर सर्किल पर पुलवामा शहीदों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान सुवालाल मनोहर, मुकेश मौर्य,सुरेंद्र,युवराज मुंडोतिया ,घनश्याम विजेंद्र वर्मा,अर्जुन कुमावत, राम अवतार , राकेश, महेंद्र मुंडोतिया, आदि मौजूद रहे। इसी तरहदादिया रामपुरा, तपील्या, कोटड़ीधायलान राजकीय विद्यालय मेंशहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गई।

## रेड ड्रेस में दिखा देशप्रेम: मिस डेजर्ट राजस्थान की मॉडल्स ने दी अलग पहचान

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** वेलेंटाइन डे के मौके पर जहां कपल्स अपने प्यार का इजहार करते नजर आए, वहीं मिस डेजर्ट राजस्थान ब्यूटी पेजेंट की प्रतिभागियों ने अपने राज्य राजस्थान के प्रति प्रेम जताकर एक अलग मिसाल पेश की। मॉडल्स ने लव यू राजस्थान कहते हुए प्रदेश की संस्कृति, विरासत और गौरव को सलाम किया।

इस कार्यक्रम के आयोजक नरेंद्र कुमार गंगवाल और अरुण कुमार सिंह ने बताया कि वेलेंटाइन डे केवल प्रेमी जोड़ों के लिए ही नहीं,बल्कि अपने देश और राज्य के प्रति प्रेम व्यक्त करने का भी अवसर है। उन्होंने कहा कि अपनी धरोहर और संस्कृति से प्रेम करना ही सच्ची देशभक्ति है।

मॉडलिंग और एक्टिंग की दुनिया में पहचान बनाने का सपना देख रही प्रतिभागी हेमलता कुमावत,मनीषा शर्मा, रिद्धिमा प्रजापत,चन्द्रिका,कविता, अंतिमा, युवीका,वंशिका और श्वेता ने रेड ड्रेस में अपने खास लुक और अंदाज़ से सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस दौरान प्रतिभागियों ने आज ही के दिन हुए पुलवामा अटैक में शहीद हुए जवानों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें याद किया।

संयोजक दीपक अग्रवाल,पलक बंसल ने जानकारी दी कि मिस डेजर्ट राजस्थान का पहला ऑडिशन सफलतापूर्वक आयोजित किया जा चुका है। दूसरा ऑडिशन 25 फरवरी को होटल ग्रैंड सफारी में आयोजित किया जाएगा। इसके बाद कोटा,उदयपुर और जोधपुर में भी ऑडिशन होंगे, जबकि ग्रैंड फिनाले अप्रैल माह में आयोजित किया जाएगा।

## हरियाणा निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब की विभिन्न ब्राण्डों की 437 पेटियां जप्त

**शराब के परिवहन में प्रयुक्त वाहन टाटा कन्टेनर जप्त, 02 अभियुक्त गिरफ्तार**

बढ़ता राजस्थान



**कोटपुतली (बिल्लूराम सैनी)।** स्थानीय थाना पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुये हरियाणा निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब की विभिन्न ब्राण्डों की 437 पेटियां जप्त की हैं एवं शराब के परिवहन में प्रयुक्त वाहन टाटा कन्टेनर जप्त को भी जप्त किया गया हैं। साथ ही अवैध शराब का परिवहन करने वाले 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया हैं। जप्तशुदा अवैध शराब की बाजार कीमत करीब 40 लाख रुपये बताई जा रही हैं। जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई द्वारा अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ अधिक से अधिक एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिस पर एएसपी नाजिम अली के निर्देशन व डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक के सुपरविजन में थानाधिकारी राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा नाकाबन्दी के दौरान सघन चैकिंग करते हुये शनिवार को हरियाणा निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब की विभिन्न ब्राण्डो से भरे हुये टाटा मिनी कन्टेनर नम्बर एचआर 55 एई 4046 को चैक कर विभिन्न ब्राण्ड की अवैध अंग्रेजी शराब रॉयल स्टैग शराब की 148 पेटियां, रॉयल चैलेंज शराब की 173 पेटियां, मैजिक मोमेंट्स शराब की 81 पेटियां व स्मिर्नऑफ अंग्रेजी शराब की 35 पेटियां समेत कुल 437 पेटियों को जप्त किया। वहीं अवैध शराब के परिवहन में प्रयुक्त वाहन टाटा मिनी कन्टेनर नम्बर एचआर 55 एई 4046 को जप्त कर अवैध अंग्रेजी शराब को अपने कब्जे में रखकर परिवहन करने वाले 02 अभियुक्तों बिल्लू उर्फ खिल्लू (45) पुत्र शेरसिंह कश्यप व नवीन उर्फ टोनी (30) पुत्र सुन्दर कश्यप दोनों निवासी बास पदम थाना पटौदी जिला गुरुग्राम (हरियाणा) को गिरफ्तार किया गया, जिनसे गहनता से अनुसंधान जारी हैं।

## स्पेशल प्री-लिटिगेशन लोक अदालत का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपुतली (बिल्लूराम सैनी)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शनिवार को स्पेशल प्री-लिटिगेशन लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस हेतु जिला मुख्यालय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव डिम्पल जन्डेल की अध्यक्षता में बैंच का गठन किया गया। जिसमें अधिवक्ता रणजीत कुमार मीणा सदस्य रहे। जिला मुख्यालय के साथ-साथ बहरोड़, बानसूर एवं विराटनगर तालुका में भी स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें एसबीआई एवं आईडीबीआई बैंकां के कुल 1101 प्रकरण रखे गये। जिसमें से कुल 25 प्रक्ररणों का आपसी राजीनामें से निस्तारण किया गया एवं 6643500 रूपये का अवॉर्ड पारित किया गया।

## परंपरा का पुनर्पाठ : जब 'मायरा' बना सामाजिक सुरक्षा का माध्यम



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर डेयरी की सरस मायरा योजना पारंपरिक मायरा को नया सामाजिक अर्थ देती है। हिंदुस्तान विशेषकर राजस्थान-गुजरात की संस्कृति में मायरा सदियों से यह संदेश देता रहा है कि बेटी केवल पिता नहीं, पूरे परिवार-समाज की जिम्मेदारी है।

अप्रैल 2025 में प्रबंध निदेशक मनीष फौजदार और अध्यक्ष ओमप्रकाश पूनिया के नेतृत्व में शुरू हुई इस योजना के तहत पाँच वर्षों से डेयरी से जुड़े पशुपालकों की पुत्रियों को विवाह पर 21,000 मायरा स्वरूप दिए जाते हैं। यह राशि ग्रामीण परिवारों के लिए आर्थिक सहयोग के साथ आत्मसम्मान का संबल बनती है। यहाँ डेयरी संघ केवल संस्था नहीं, बल्कि सामूहिक 'मामा' की भूमिका निभाता है।

योजना के सामाजिक प्रभाव स्पष्ट हैं। बेटियों के सम्मान को बढ़ावा, पशुपालकों का भावनात्मक जुड़ाव, विवाह-व्यय का दबाव कम होना और सहकारिता को आर्थिक लेन-देन से ऊपर उठाना।

यह अनुदान नहीं, दीर्घकालिक विश्वास का प्रतिफल है।

जयपुर डेयरी ने दिखाया है कि परंपराएँ तभी जीवित रहती हैं जब उन्हें वर्तमान जरूरतों से जोड़ा जाए। सरस लाडो मायरा योजना इसी संगम का उदाहरण है जहाँ संस्कृति सामाजिक सुरक्षा का माध्यम बनती है और बेटी का सम्मान समाज की साझा जिम्मेदारी।


### कार्यालय ग्राम पंचायत डिडायचं, पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा, जिला सवाई माधोपुर

क्रमांक :-2025-26/406 दिनांक 02.02.2026

**सीमित निविदा सूचना संख्या-05/2025-26**

ग्राम डिडायचं में राज्य वित्त आयोग योजना षष्ठम पंचायत समिति मद में रा.मा.वि. परिसर में आर.ओ.व वाटर कूलर लगाना कार्य ग्राम डिडायच एवं राज्य वित्त आयोग योजना षष्ठम ग्राम पंचायत मद में वाटर कूलर टंकी स्टेण्ड लगाना व सिंगलफेस मोटर डालना बालाजी के स्थान पर बैरवा बस्ती डिडायच हेतु निर्धारित प्रपत्र में निविदा दरें (तकनिकी एवं वित्तीय अलग अलग) निविदा से संबंधित नियम, शर्तें एवं सम्बन्धी दस्तावेज लोक उपापन की बेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते है ।

NIB No. PKI2526A0017

NIB No. PKI2526GSLB00022

**छोटू लाल मीणा**
**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत डिडायचं,**
**प्रं. स. चौथ का बरवाड़ा (स.मा.)**

**हंसराज बैरवा**
**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत डिडायचं,**
**प्रं. स. चौथ का बरवाड़ा (स.मा.)**



प्रारूप-10

### कार्यालय नगर पालिका डिग्गी जिला टोंक (राज.)

क्रमांक: न.पा.डि./2025-26 /1219 दिनांक :- 09.02.2026

**लोक सूचना**

खातेदार गिरीराज बैरवा पुत्र श्रीराम बैरवा निवासी भीपुर तहसील मालुपरा जिला टोंक ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का कृषि से गैर-कृषिक में आवासीय कॉलोनी नियमन करने हेतु ऐसी भूमि के अपने अधिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

| तहसील और जिले का नाम | राजस्व ग्राम का नाम | खसरा नम्बर | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| मालपुरा टोंक | मालपुरा ग्राम भीपुर | 373/1 | 2.12 बीघा |

इसलिये इसके द्वारा समस्त सम्बंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा ।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 09.02.2026 को जारी की गयी ।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका डिग्गी**


# अल्ट्राटेक के खिलाफ जोधपुरा संघर्ष समिति का धरना 1164 वें दिन भी जारी

बढ़ता राजस्थान



**कोटपुतली (बिल्लूराम सैनी)।** अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ जोधपुरा संघर्ष समिति द्वारा दिया जा रहा धरना शनिवार को 1164 वें दिन में प्रवेश कर गया। लंबे समय से चल रहे इस आंदोलन के बावजूद मांगों पर कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में भारी रोष है। संघर्ष समिति के सचिव कैलाश यादव ने बताया कि अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट और स्थानीय प्रशासन द्वारा लगातार मांगों को अनसुना किए जाने के बाद समिति ने राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण की शरण ली थी। प्राधिकरण ने मामले की गंभीरता को देखते हुए 3 नवंबर 2025 को प्लांट के विरुद्ध अपना फैसला सुनाया था।फैसले को आए तीन माह बीत चुके हैं, लेकिन प्रशासन ने अब तक इसे लागू नहीं करवाया है। प्रशासन संभवतः सीमेंट प्लांट के दबाव में कार्य कर रहा है, जो सीधे तौर पर लापरवाही को दर्शाता है। ग्रामीणों का संकल्प 'हटाओ या पुनर्वास करो' धरने के दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन और अल्ट्राटेक प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। गांव के नजदीक स्थित अल्ट्राटेक के क्रेशर को तुरंत हटाया जाए।अथवा पूरे गांव का उचित पुनर्वास किया जाए। धरनार्थियों ने संकल्प लिया है कि जब तक एनजीटी (ह्त्रञ्ज) के आदेशों की पूर्ण पालना नहीं होती, तब तक यह अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा।इस दौरान मुख्य रूप से सचिव कैलाश यादव, ओम प्रकाश यादव, हर भगत बाबूजी, लीलाराम यादव, विजय यादव, राजपाल यादव, विक्रम यादव, रामनिवास योगी, अजय योगी, सुरेश यादव, रोहिताश योगी, कानाराम यादव, भूप सिंह धानका, अमरसिंह मीणा, सुबेसिंह मीणा, मूलचंद योगी और रामनिवास अध्यापक मौजूद रहे।महिला शक्ति की भागीदारीः धरने में महिलाओं ने भी बढ़-चढक़र हिस्सा लिया, जिनमें राजबाला, सुनीता, कृष्णा देवी, सुनीता देवी, शीला देवी, सुमन देवी, बरजी देवी, उर्मिला देवी, कलावती देवी, शांति देवी, विमला देवी, गीता देवी, भावना देवी, नाची देवी और कमला देवी सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

दैनिक
बढ़ता राजस्थान



# सम्पादकीय

## शहरी विकास का एजेंडा, एक लाख करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता से विकास की तैयारी

केंद्रीय कैबिनेट ने शहरों में उच्च गुणवत्ता वाले आधारभूत ढांचे के निर्माण के लिए अर्बन चैलेंज फंड (शहरी चुनौती कोष) को जो स्वीकृति दी, उसके तहत अगले पांच वर्षों में एक लाख करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता दी जाएगी।

निःसंदेह शहरों के कायाकल्प की यह एक महत्वाकांक्षी योजना है और आशा की जाती है कि इस योजना का हश्र स्मार्ट सिटी योजना की तरह नहीं होगा। कैबिनेट के फैसले से यह लगता भी है कि स्मार्ट सिटी योजना के अपेक्षित परिणाम न मिलने से सीख ली गई है और इसीलिए यह प्रविधान किया गया है कि केंद्र सरकार शहरों की दशा सुधारने वाली परियोजना की लागत का 25 प्रतिशत हिस्सा तभी वहन करेगी, जब उसके लिए कम से कम 50 प्रतिशत धन बाजार से जुटाया जाए।

शेष 25 प्रतिशत राशि का प्रबंध राज्य सरकारों या फिर संबंधित शहरों के स्थानीय निकायों को करना होगा। राज्यों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे शहरों के स्थानीय निकायों के साथ मिलकर ऐसा करने में समर्थ हों। चूंकि यह योजना इस वर्ष के बजट के उस प्रविधान के अनुरूप है, जिसके तहत शहरों को वृद्धि के केंद्र के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव दिया गया था, इसलिए यह कहा जा सकता है कि मोदी सरकार शहरों की दशा सुधारने के लिए प्रतिबद्ध है।

केंद्र सरकार को उम्मीद है कि शहरी चुनौती कोष से अगले पांच वर्षों में शहरों में चार लाख करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट शुरू हो सकते हैं। यदि ऐसा हो सके तो इससे बेहतर और कुछ नहीं, क्योंकि हमारे शहर नागरिक सुविधाओं के अभाव से जूझने के साथ जर्जर बुनियादी ढांचे का सामना कर रहे हैं। वे अनियोजित विकास का पर्याय भी बन रहे हैं।

इसी कारण शहरों के बुनियादी ढांचे को संवारने अथवा नागरिक सुविधाओं को ठीक करने वाली कोई भी परियोजना कुछ ही वर्षों में अपर्याप्त अथवा समस्याग्रस्त नजर आने लगती है। इस विषम स्थिति से तभी बचा जा सकता है, जब शहरों के आधारभूत ढांचे का विकास दीर्घकालिक चुनौतियों, पर्यावरण हितों और आबादी के लगातार बढ़ते दबाव को ध्यान में रखकर किया जाए। जब ऐसा होगा, तभी हमारे शहर नगरीय जीवन को सुविधाजनक बनाने के साथ आर्थिक विकास के केंद्र बन पाएंगे।

यदि भारत को सचमुच विकसित देश बनना है तो उसे अपने छोटे-बड़े शहरों को संवारना ही होगा, क्योंकि एक तो आने वाले समय में शहरों में रहने वाली आबादी तेजी से



बढ़ेगी और दूसरे यह किसी से छिपा नहीं कि आज के युग में शहर आर्थिक प्रगति के इंजन हैं। यह अच्छा है कि केंद्र सरकार दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों के साथ एक लाख से ज्यादा जनसंख्या वाले औद्योगिक शहरों को भी अपनी नई योजना के दायरे में लाना चाहती है, लेकिन बात तब बनेगी जब राज्य भी अपने शहरों की सूरत संवारने की ललक दिखाएंगे।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 15 फ़रवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1564 - महान् खगोलशास्त्री गैलीलियो का जन्म।
- 1677 - इंग्लैंड नरेश चार्ल्स द्वितीय ने फ़्रांस के ख़िलाफ़ डचों से गठबंधन किया।
- 1763 - प्रसिया और आस्ट्रेलिया के बीच शांति संधि हुई।
- 1764 - अमेरिका में सेंट लुईस शहर की स्थापना हुई।
- 1798 - फ़्रांस ने रोम पर कब्ज़ा कर उसे गणराज्य घोषित किया।
- 1806 - फ्रैंको, प्रसियन संधि के बाद प्रसिया ने ब्रिटिश जहाज़ों के लिए अपने बंदरगाह बंद किये।
- 1890 - अमेरिकी युद्धपोत मेने हवाना बंदरगाह पर विस्फोट से उड़ा दिया गया।
- 1906 - ब्रिटेन की लेबर पार्टी का गठन।
- 1909 - एकापुल्को मैक्सिको में फ़्लोरेंस सिनेमागृह में आग से 250 लोगों की मृत्यु।
- 1926 - अमेरिका में अनुबंध एयर मेल सेवा की शुरूआत।
- 1942 - द्वितीय विश्व युद्ध में सिंगापुर का पतन हुआ व जापानी बलों द्वारा एक हमले के बाद, ब्रिटिश जनरल आर्थर पेरसिवल ने समर्पण कर दिया। लगभग 80,000 भारतीय, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलियाई सैनिक युद्ध-बंदी हो गये।
- 1944 - ब्रिटेन के सैकड़ों विमानों ने बर्लिन पर बमबारी की।
- 1961 - बेल्जियम में बोइंग 707 विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 73 लोगों की मौत।
- 1962 - अमेरिका ने नेवादा परीक्षण स्थल पर परमाणु परीक्षण किया।
- 1965 - मैपल (एक प्रकार का छायादार वृक्ष) के पत्ते को कनाडा के आधिकारिक ध्वज में स्थान मिला।
- 1967 - भारत में चौथी लोकसभा के लिए चुनाव हुए।
- 1976 - मध्य प्रदेश के भोपाल में केन्द्रीय कृषि अनुसंधान संस्थान की स्थापना की गई।
- 1970 - इस्रायली पाइप लाइन का उद्‌घाटन हुआ।
- 1982 - श्रीलंका द्वारा राजधानी का कोलम्बो से जनवर्धनपुर को स्थानांतरण।
- 1988 - आस्ट्रिया के प्रधानमंत्री कुर्त बाल्दीहीम ने नाजी अतीत का आरोप ठुकराते हुए इस्तीफ़ा देने से इन्कार कर दिया।
- 1989 - सोवियत संघ की आखिरी सैनिक टुकड़ी अफग़ानिस्तान से वापस।

## विशेष आलेख

# तनाव, आतंक और अंधकार के बीच शिव का प्रकाश



ललित गर्ग

15 फरवरी 2026 को जब समूचा भारत महाशिवरात्रि का पावन पर्व मनाएगा, तब यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं होगा, बल्कि आत्मजागरण का विराट अवसर होगा। महाशिवरात्रि वह रात्रि है जब साधक अपने भीतर के अंधकार को पहचानकर शिवत्व के प्रकाश से उसे आलोकित करने का संकल्प लेता है। शिव केवल देवता नहीं, वे चेतना के शाश्वत आयाम हैं-महाकाल, जो समय से परे हैं, नटराज, जो सृष्टि की लय और ताल के अधिपति हैं और नीलकंठ, जो विष को पीकर भी अमृत का संदेश देते हैं। आज का युग विज्ञान, तकनीक और उपभोग का युग है। मानव ने अंतरिक्ष को नापा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता विकसित की, लेकिन अपने भीतर की शांति खो बैठा। तनाव, अवसाद, असंतोष, युद्ध, आतंकवाद और नैतिक विघटन की घटनाएँ विश्व को विचलित कर रही हैं। ऐसे दौर में शिव की प्रासंगिकता और बढ़ जाती है। शिव भक्ति कोई चमत्कारिक जादू नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित करने का वैज्ञानिक और आध्यात्मिक मार्ग है।

शिव का स्वरूप द्वंद्वों से परे है। वे संहारक भी हैं और सृजनकर्ता भी। यह संदेश आज के समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है जो जड़, जर्जर और अनैतिक है, उसका विनाश आवश्यक है ताकि नवजीवन अंकुरित हो सके। जब हम अपने भीतर के अहंकार, क्रोध, लोभ और मोह का संहार करते हैं, तभी सच्चा निर्माण संभव होता है। यही शिव का वास्तविक चमत्कार है भीतर के विष का रूपांतरण। समुद्र-मंथन की कथा केवल पौराणिक आख्यान नहीं, बल्कि मानवीय जीवन का प्रतीक है। जब संसार अमृत की खोज में लगा, तब सबसे पहले विष निकला। आज भी जब मानव प्रगति की दौड़ में है, तो साथ में प्रदूषण, हिंसा और असंतुलन का विष भी उत्पन्न हो रहा है। उस विष को कौन पियेगा? शिव का नीलकंठ रूप हमें सिखाता है कि समाज के संकट को दूर करने के लिए त्याग और सहनशीलता आवश्यक है। जब हम अपने स्तर पर कटुता को निगल लेते हैं और उसे बाहर नहीं फैलाते, तभी समाज में शांति बनी रहती है। इसी प्रकार गंगा के अवतरण की कथा बताती है कि अनियंत्रित शक्ति विनाशकारी हो सकती है। शिव ने उसे अपनी जटाओं में धारण कर संतुलित प्रवाह दिया। आज के संदर्भ में यह संदेश अत्यंत प्रासंगिक है। तकनीक, धन, सत्ता-ये सभी शक्तियाँ हैं। यदि वे अनियंत्रित हों तो विध्वंसक बनती हैं, और यदि शिव-संयम में हों तो कल्याणकारी। अतः शिव भक्ति का अर्थ है-शक्ति का संतुलन।



आधुनिक मनुष्य की सबसे बड़ी समस्या है-तनाव। प्रतिस्पर्धा, अपेक्षाएं और असुरक्षा ने उसे अशांत बना दिया है। शिवरात्रि की रात्रि जागरण की रात्रि है, लेकिन यह बाह्य जागरण से अधिक आंतरिक जागरण है। जब साधक ॐ नमः शिवाय का जप करता है, तो वह अपने भीतर के कंपन को संतुलित करता है। यह पंचाक्षरी मंत्र मन, प्राण और चेतना को एकाग्र करता है। वैज्ञानिक शोध भी बताते हैं कि नियमित ध्यान और मंत्रजाप से तनाव कम होता है, रक्तचाप संतुलित होता है और मानसिक स्थिरता बढ़ती है। यह शिव साधना का प्रत्यक्ष प्रभाव है। शिव पुराण में वर्णित है कि फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की निशीथ बेला में ज्योतिर्लिंग का प्रादुर्भाव हुआ। यह ज्योति केवल पत्थर की आकृति नहीं, बल्कि अनंत प्रकाश का प्रतीक है। शिवलिंग का अर्थ है-चिह्न, जो निराकार ब्रह्म का संकेत देता है। आधुनिक मनुष्य के लिए यह बोध आवश्यक है कि ईश्वर किसी सीमित रूप में बंधा नहीं है। वह ऊर्जा है, चेतना है, जो प्रत्येक कण में विद्यमान है।

आज विश्व युद्ध और आतंकवाद की विभीषिका से जूझ रहा है। हिंसा की ज्वाला में मानवता झुलस रही है। शिव का तांडव केवल विनाश नहीं, बल्कि संतुलन का नृत्य है। जब अन्याय बढ़ता है, तब परिवर्तन अनिवार्य होता है। किंतु शिव का संदेश यह भी है कि क्रोध नहीं, करुणा से परिवर्तन संभव है। वे रुद्र हैं-दुःखों का हरण करने वाले। शिव भक्ति का चमत्कार यह है कि वह मनुष्य के भीतर करुणा, सहिष्णुता और क्षमा का विकास करती है। जब व्यक्ति बदलता है, तब समाज बदलता है और जब समाज बदलता है, तब विश्व में शांति का मार्ग प्रशस्त होता है। शिव और शक्ति का मिलन भी आधुनिक जीवन के लिए महत्वपूर्ण प्रतीक है। यह पुरुष और प्रकृति, चेतना और ऊर्जा, विचार और क्रिया का समन्वय है। आज परिवारों में विघटन, संबंधों में दूरी और जीवन में असंतुलन इसलिए है क्योंकि यह समरसता टूट रही है। शिवरात्रि हमें स्मरण कराती है कि संतुलन ही जीवन का आधार है। व्रत और उपवास का आध्यात्मिक महत्व भी आज समझने योग्य है। उपवास केवल भोजन त्याग नहीं, बल्कि इंद्रियों का संयम है। यह आत्मशुद्धि की प्रक्रिया है। जब व्यक्ति एक दिन के लिए भी भोगों से दूर रहता है, तो उसे अपनी आवश्यकताओं का पुनर्मूल्यांकन करने का अवसर मिलता है। उपभोक्तावादी संस्कृति में यह अत्यंत आवश्यक साधना है।

# इलाज से वंचित गाँव, सुविधाओं से भरा शहर



प्रो. आरके जैन

*बीमार पडऩा किसी अपराध से कम नहीं माना जाता। क्योंकि बीमार होने का मतलब है, कजऱ् लेना, ज़मीन गिरवी रखना, या चुपचाप मर जाना। जब रात में किसी को तेज़ बुखार चढ़ता है, तो पूरा परिवार डर के साए में बैठ जाता है।*

भोर की हवा जब गाँव की सूनी गलियों में बहती है, तो वह केवल मिट्टी की गंध नहीं लाती, बल्कि अधूरी साँसों, टूटी उम्मीदों और अनकहे दर्द की कहानियाँ भी साथ लाती है। यहाँ सूरज हर रोज़ उगता है, पर स्वास्थ्य की रोशनी कभी नहीं पहुँचती। यहाँ जीवन जन्म लेते ही संघर्ष सीख लेता है, और बीमारी आते ही हार मान लेता है। किसी माँ की गोद में तड़पता बच्चा, किसी बुज़ुर्ग की काँपती देह, किसी युवा की बुझती आँखें—सब एक ही सवाल पूछते हैं, क्या हमारा जीवन इतना सस्ता है? इस गाँव में डॉक्टर नहीं हैं, दवाइयाँ नहीं हैं, इलाज नहीं है, लेकिन सत्ता के पास सुविधाओं का अंबार है। यह केवल अभाव की कहानी नहीं, बल्कि एक सुनियोजित उपेक्षा का दस्तावेज़ है।

यहाँ बीमार पडऩा किसी अपराध से कम नहीं माना जाता। क्योंकि बीमार होने का मतलब है, कजऱ्.लेना, ज़मीन गिरवी रखना, या चुपचाप मर जाना। जब रात में किसी को तेज़ बुखार चढ़ता है, तो पूरा परिवार डर के साए में बैठ जाता है। मोबाइल नेटवर्क नहीं, एंबुलेंस नहीं, सडक़ें टूटी हुई—और अस्पताल कई कोस दूर। गर्भवती महिला की प्रसव पीड़ा यहाँ जीवन की परीक्षा बन जाती है। कई बार बच्चे रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं, और कई बार माँ लौटकर नहीं आती। यह मौत प्राकृतिक नहीं होती, यह व्यवस्था की हत्या होती है। फिर भी इन मौतों का कोई रिकॉर्ड नहीं बनता, कोई आँकड़ा नहीं बढ़ता, कोई मंत्री बयान नहीं देता। वे चुपचाप मिट्टी में मिल जाती हैं, जैसे कभी थीं ही नहीं।

गाँव का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाहर से देखने में सरकारी उपलब्धि लगता है। नीली दीवारें, टूटा बोर्ड, जंग लगा ताला और भीतर सन्नाटा। यह इमारत इलाज का नहीं, धोखे का प्रतीक बन चुकी है। यहाँ कभी डॉक्टर नहीं आते, नर्सें महीनों गायब रहती हैं, और दवाइयाँ कागज़ों में दर्ज रहती हैं। मरीजों के लिए यह भवन केवल छाया देने वाला खंडहर है। कभी कोई निरीक्षण होता भी है, तो पहले से सूचना देकर। उस दिन ताले खुलते हैं, फाइलें सजती हैं, और झूठ सच बनकर प्रस्तुत होता है। निरीक्षक चले जाते हैं, और फिर वही वीरानी लौट आती है। यह स्वास्थ्य केंद्र नहीं, बल्कि सरकारी संवेदनहीनता का स्मारक है।

इसके ठीक विपरीत, गाँव की राजनीति विलासिता में डूबी रहती है। नेता जब आते हैं, तो धूल उड़ाती गाडियों का काफिला साथ लाते हैं। दस गाडियाँ, दर्जनों समर्थक, महँगे कपड़े और बनावटी मुस्कान। मंच से वे कहते हैं स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है। नीचे बैठा बीमार किसान जानता है कि यह झूठ है। क्योंकि उसके बेटे की दवा के लिए पैसे नहीं थे, और नेता के पास नई कार के लिए थे। नेता के परिवार का इलाज बड़े शहरों के आलीशान अस्पतालों में होता है, विदेशों में होता है, लेकिन गाँव के लिए सिर्फ वादे होते हैं। सत्ता और जनता के बीच की खाई इतनी गहरी हो चुकी है कि अब आवाज़ भी वहाँ तक नहीं पहुँचती। सरकारी योजनाएँ यहाँ एक मज़ाक बन चुकी हैं। कागज़ों में सब कुछ है—मुफ्त इलाज, मोबाइल क्लिनिक, मातृत्व सहायता, पोषण अभियान। लेकिन ज़मीनी हकीकत में कुछ भी नहीं।

## लघु कथा | बढ़ता राजस्थान

### पहचान

उस चित्रकार की प्रदर्शनी में यूं तो कई चित्र थे लेकिन एक अनोखा चित्र सभी के आकर्षण का केंद्र था। बिना किसी शीर्षक के उस चित्र में एक बड़ा सा सोने का हीरों जडि़त सुंदर दरवाज़ा था जिसके अंदर एक रत्नों का सिंहासन था जिस पर मखमल की गद्दी बिछी थी।उस सिंहासन पर एक बड़ी सुंदर महिला बैठी थी, जिसके वस्त्र और आभूषण किसी रानी से कम नहीं थे। दो दासियाँ उसे हवा कर रही थीं और उसके पीछे बहुत से व्यक्ति खड़े थे जो शायद उसके समर्थन में हाथ ऊपर किये हुए थे।

सिंहासन के नीचे एक दूसरी बड़ी सुंदर महिला बेडियों में जकड़ी दिखाई दे रही थी जिसके वस्त्र मैले-कुचैले थे और वो सर झुका कर बैठी



थी। उसके पीछे चार व्यक्ति हाथ जोड़े खड़े थे और कुछ अन्य व्यक्ति आश्चर्य से उस महिला को देख कर इशारे से पूछ रहे थे यह कौन है?

उस चित्र को देखने आई दर्शकों की भीड़ में से आज किसी ने चित्रकार से पूछ ही लिया, इस चित्र में क्या दर्शाया गया है? त्रिकार ने मैले वस्त्रों वाली महिला की तरफ इशारा कर के उत्तर दिया, यह महिला जो अपनी पहचान खो रही है..... वो हमारी मातृभाषा है....

अगली पंक्ति कहने से पहले वह कुछ क्षण चुप हो गया, उसे पता था अब प्रदर्शनी कक्ष लगभग खाली हो जायेगा।

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# इन लोगों को भूलकर भी नहीं रखना चाहिए महाशिवरात्रि का व्रत, वरना हो सकता है नुकसान

**1. मधुमेह के रोगी** -शुगर या डायबिटीज से जूझ रहे लोगों के लिए लंबे समय तक खाली पेट रहना खतरनाक हो सकता है। व्रत के दौरान ब्लड शुगर लेवल अचानक गिर सकता ह, जिससे बेहोशी या कमजोरी आ सकती है।

**सावधानी-** यदि शुगर अनियंत्रित है, तो उपवास रखने की गलती न करें। महादेव केवल भाव के भूखे हैं, शरीर को कष्ट देने के नहीं।

2. गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाएं -गर्भावस्था के दौरान महिला के शरीर को अतिरिक्त पोषण की आवश्यकता होती है। व्रत रखने से गर्भ में पल रहे शिशु के विकास पर असर पड़ सकता है और मां को डिहाइड्रेशन या चक्कर आने की समस्या हो सकती है।

**3. हाल ही में हुई सर्जरी या गंभीर बीमारी-** यदि आपका कोई ऑपरेशन हुआ है या आप किसी गंभीर बीमारी (जैसे कैंसर, किडनी की बीमारी या टीबी) से उबर रहे हैं, तो आपके शरीर को ठीक होने के लिए नियमित भोजन और दवा की जरूरत होती है।

**4. एसिडिटी और अल्सर के मरीज-** जिन लोगों को पेट में अल्सर या गंभीर एसिडिटी की समस्या है, उनके लिए निर्जला या लंबे समय का उपवास एसिड के स्तर को बढ़ा सकता है। इससे पेट में जलन, दर्द और सीने में जलन की समस्या बढ़ सकती है।

**5. बुजुर्ग और छोटे बच्चे-** बढ़ती उम्र के साथ शरीर की पाचन शक्ति और ऊर्जा कम हो जाती है। बुजुर्गों को अक्सर बीपी और हार्ट की दवाएं लेनी होती हैं। वहीं छोटे बच्चों का मेटाबॉलिज्म तेज होता है और उन्हें बार-बार भूख लगती है। इन दोनों वर्गों के लिए कठोर व्रत रखना स्वास्थ्य के लिहाज से ठीक नहीं है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आज बेवजह क्रोध से दूर रहें, वरना यह आपके मन को आग की तरह जलाएगा और फैसले गलत हो जाएंगे। कामों की तारीफ सुनने को मिलेगी। बॉस या सहकर्मी आपकी प्रशंसा करेंगे, जो आत्मविश्वास को नई उड़ान देगी।

### वृष
राजनीति या महत्वाकांक्षी क्षेत्रों में काम करने वालों के लिए सावधानी का दिन है। बेवजह थकान महसूस होगी। शरीर भारी लगेगा, लेकिन काम समय पर निपटाएं ताकि पीछे न रहें। सेहत को लेकर किसी अनुभवी डॉक्टर से परामर्श लें।

### मिथुन
खुशियों से परिपूर्ण दिन। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। डूबा हुआ धन वापस मिलेगा, जैसे पुराना लोन क्लियर होना। पैतृक संपत्ति का मुकदमा खत्म होगा, कानूनी राहत से मन प्रसन्न।

### कर्क
सुखद परिणाम लाने वाला दिन। धन संबंधी मामलों में सावधानी रखें। व्यर्थ खर्च से बचें। पिताजी आपकी किसी बात से नाराज हो सकते हैं। उनकी भावनाओं का सम्मान करें। बॉस का पूरा सहयोग मिलेगा।

### सिंह
सामान्य लेकिन सक्रिय दिन रहेगा। खाली बैठने से बचें। समय का सदुपयोग करें। विदेशों में पढ़ाई की इच्छा रखने वाले छात्रों को स्कॉलरशिप या एडमिशन का मौका मिलेगा।

### कन्या
बढिय़ा और खुशनुमा दिन रहेगा। घर में किसी अतिथि का आगमन माहौल को जश्न जैसा बना देगा। स्वागत की तैयारियां पूरी होगी। व्यापार में उतार-चढ़ाव आएंगे, लेकिन आपकी हिम्मत डगमगाएगी नहीं।

### तुला
आज का दिन तनाव से भरा रहेगा, जैसे हल्की आंधी जो मन को उदास कर दें। ऑफिस में काम का बोझ बढ़ेगा। मीटिंग्स, डेडलाइन्स सब एक साथ दबाव बनाएंगे, जो आपकी चिंताओं को और गहरा कर देंगे। आप अपने मनमौजी स्वभाव पर विचार करेंगे।

### वृश्चिक
ठीक-ठाक दिन नए अवसरों से सजा होगा। कामकाज में ताजगी आएगी। नया प्रोजेक्ट या प्रमोशन की झलक मिलेगी, जो आपके करियर को नई दिशा देगी। यात्रा की तैयारी शुरू करेंगे, शायद छोटी ट्रिप या बिजनेस टूर जो रोमांचक साबित होगा।

### धनु
वैवाहिक जीवन के लिए दिन सुनहरा रहेगा। जीवनसाथी को करियर में तरक्की मिलेगी। प्रमोशन, सैलरी हाइक या नई जिम्मेदारी जो घर में खुशी लाएगी। आसपास रहने वालों को अच्छी तरह पहचानें।

### मकर
दिन अनुकूल दिन और भाई-बहनों के सहयोग से चलेगा। वे हर कदम पर आपके साथ खड़े मिलेंगे। सलाह या मदद से मुश्किलें आसान होंगी। आर्थिक मामलों में थोड़ी सतर्कता बरतें। खर्च पर नजर रखें, निवेश सोचकर करें।

### कुंभ
इनकम के लिहाज से शानदार दिन। आय के नए स्रोत खुलेंगे। बोनस, साइड इनकम या पेमेंट क्लियर। दोस्तों का पूरा साथ मिलेगा।उनकी मदद से प्लान्स सफल होंगे। अपनी वाणी से लोगों का दिल जीतेंगे।

### मीन
सेहत में हल्की गड़बड़ी संभव। पेट या सिरदर्द जैसी समस्या, इसलिए पूरी सावधानी बरतें, दवाइयां समय पर लें। कोई जरूरी काम पूरा होते-होते लटक सकता है। डेडलाइन मिस होने से तनाव बढ़ेगा। अगर कोई खास वस्तु खो गई थी।

## महिला नेत्रियो के फिल्ड में किया भ्रमण आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं,आशा सहयोगिनी एवं सरपंच से किया संपर्क

### महिला नेत्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण एवं भ्रमण

बढ़ता राजस्थान



**फलोदी (नि.स.)।** भावी निर्माण सोसाइटी एवं अप्रवा एनर्जी एवं सीआईआई फाउंडेशन के सहयोग से राजस्थान के दस जिलो से आयी महिला नेत्रियों का महिला सशक्तिकरण विषय पर तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमे वित्तीय साक्षरता एवं बजट व बचत प्रबंधन पर मास्टर ट्रेनर शैलेंद्र कोष्टी, कृषि विज्ञान केंद्र पोकरण से वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ दशरथ प्रसाद ने पोषण जागरूकता एवं पोषण वाटिका,किचन गार्डन, ऑर्गेनिक बीज से संबंधित व्याख्यान दिए गये। सीआईआई फाउंडेशन से प्रज्ञा श्रीवास्तव एवं आकांक्षा मिश्रा ने महिला नेत्रियों का क्षमतावर्धन प्रशिक्षण किया। अप्रवा एनर्जी से चेतन एवं सोनू शर्मा ने भी जैसलमेर एवं आसपास के जिलों में चल रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि अप्रवा एनर्जी महिला सशक्तिकरण को लेकर अंतिम छोर पर बैठी महिला बच्चों एवं समुदाय के लोगों तक पहुंच बनाने को लेकर कार्य कर रही है। अंतिम दिन प्रशिक्षण समापन के पश्चात महिलाओ को कृषि विज्ञान केंद्र पोकरण में भ्रमण कर कृषि में रोजगार की संभावनाए, केन्द्र के कार्य एवं विभिन्न कृषि तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त की। केन्द्र अध्यक्ष डॉ दशरथ प्रसाद ने केंद्र द्वारा संचालित गतिविधियों जैसे प्रशिक्षण, प्रदर्शन, प्रक्षेत्र परीक्षण, बीज उत्पादन, कृषक गोष्ठी, नवीन तकनीकी अनुसंधान से खेत तक पहुचाने इत्यादि पर प्रकाश डाला। महिलाओ ने केन्द्र पर पोषण वाटिका, वर्मिकोम्पोस्ट, नेडेप,जैविक खेती, प्राकृतिक खेती इत्यादि इकाईयो का भ्रमण भी किया गया।

## टोडारायसिंह में विशेष प्रिलिटिगेशन लोक अदालत का आयोजन,15.72 लाख रुपए के 12 प्रकरणों का हुआ निस्तारण

बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह/टोंक (नि.स.)।** तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट टोडारायसिंह श्रीमती अनुभा सिंह की अध्यक्षता में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार तालुका मुख्यालय टोडारायसिंह पर भारतीय स्टेट बैंक के एनपीए खातों में ऋण रिकवरी के लिए समझौता के माध्यम से निस्तारण करवाने हेतु विशेष प्रिलिटिगेशन लोक अदालत का आयोजन किया गया।

विशेष प्रिलिटिगेशन लोक अदालत बैंच के समक्ष कुल 392 प्रकरण रखे गये जिनमें से 12 प्रकरणों में कुल 15 लाख 72 हजार रुपए का समझौता हुआ। विशेष प्रिलिटिगेशन के दौरान ऋणी को उनके एनपीए खातों विशेष छूट दी गई। विशेष प्रिलिटिगेशन लोक अदालत के दौरान बैंच सदस्य अधिवक्ता श्रीमती अन्नु सोनी, एसबीआई जोनल ऑफिस कोटा से डिप्टी जनरल मैनेजर कल्याण, एसबीआई रिजनल ऑफिस बूंदी से सहायक प्रबन्धक तन्मय कुमार, प्रबन्धक एसबीआई टोडारायसिंह दिलखुश मीणा, तालुका सचिव बृजमोहन शर्मा तथा अन्य अधिवक्तागण व पक्षकारान उपस्थित रहें।

## अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर महाराज का टोंक में भव्य मंगल प्रवेश, तीन आचार्य संघों का ऐतिहासिक मिलन

बढ़ता राजस्थान



**टोंक(पुरूषोतम जोशी)।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में पुष्पगिरी तीर्थ प्रणेता आचार्य पुष्पदंत सागर महाराज के शिष्य, मासोपवासी राष्ट्र गौरव अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर जी महाराज संसंघ का टोंक नगर में भव्य मंगल प्रवेश श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में सम्पन्न हुआ। मंगल प्रवेश के दौरान श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा तथा पूरे नगर में धार्मिक उत्साह का माहौल देखने को मिला। जैन समाज के प्रवक्ता पवन कंटान एवं विकास जागीरदार ने जानकारी देते हुए बताया कि आचार्य संघ का मंगल जुलूस इंदिरा सर्किल छावनी से गाजे-बाजे के साथ रवाना होकर घंटाघर, सुभाष बाजार, पांचबत्ती, काफला बाजार, नौशे मियां का पुल होते हुए बड़ा कुआं पहुंचा। यहां आचार्य श्री 108 इन्द्रनंदी जी महाराज संसंघ एवं बालाचार्य निपुण नंदी जी महाराज संसंघ के साथ आचार्य प्रसन्न सागर महाराज का मंगल मिलन हुआ। इस अवसर पर तीन आचार्य संघों (29 पिच्छिका) का ऐतिहासिक संगम हुआ।

मंगल मिलन के दौरान अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर महाराज ने आचार्य इन्द्रनंदी जी महाराज का पाद प्रक्षालन कर चरण वंदना की तथा तीन प्रदक्षिणाएं देकर विनयपूर्वक श्रद्धा अर्पित की। इसके पश्चात तीनों आचार्य संघ श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन नसियां जी पहुंचे, जहां समाजजनों द्वारा पाद प्रक्षालन, आरती एवं हाईटेक मशीनों से पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। नगर में विभिन्न स्थानों पर स्वागत तोरण द्वार सजाए गए तथा श्रद्धालुओं ने जगह-जगह आरती एवं चरण प्रक्षालन कर अगवानी की।

मंगल प्रवेश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जैन साधु देख लो, त्याग करना सीख लो तथा स्वागत की है तैयारी, आ रहे हैं पुष्पदंत धारी जैसे जयघोषों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

जुलूस श्री आदिनाथ दिगम्बर नसियां जैन मंदिर पहुंचा, जहां आचार्य प्रसन्न सागर महाराज ने मूलनायक भगवान आदिनाथ एवं भगवान शांतिनाथ के दर्शन-पूजन कर धर्मसभा को संबोधित किया। धर्मसभा से पूर्व मुनि नेगम सागर महाराज द्वारा मंगलाचरण किया गया तथा उपाध्याय पीयूष सागर महाराज एवं मुनि सहज सागर महाराज ने भी अपने उद्बोधन दिए।

अपने प्रवचन में आचार्य प्रसन्न सागर महाराज ने कहा कि राग से राग करोगे तो दुख मिलेगा और वीतराग से भी आसक्ति रखोगे तो दुख रहेगा। वीतरागी से वीतराग होना ही सच्चा मार्ग है, जिससे नरक भी स्वर्ग बन सकता है। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष पदमचंद आंडरा, भागचंद फूलेता, कमल आंडरा, विमल बरवास, धर्मेंद्र पासरोटिया, राजेश सर्राफ, अनिल सर्राफ, नीटू छामुनिया, कमल सर्राफ, पंकज फूलेता, पंकज छामुनिया, राजेश शिवाडिया, ओम ककोड़, मुकेश बरवास, अम्मू छामुनिया, राजेश अरिहंत, अशोक छाबड़ा, नेमीचंद बनेठा, मुकेश बनेठा, जीतू बनेठा, सोनू पासरोटिया, पुनीत जागीरदार, अम्मू संघी, मुकेश दतवास, अर्पित पासरोटिया सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे ।

# पुष्कर बना आध्यात्मिक चेतना का केंद्र, संतों के आशीर्वाद से समाज उत्थान का संदेश : मंत्री रावत

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (मोहित जैन)।** जल संसाधन मंत्री एवं पुष्कर विधायक सुरेश सिंह रावत ने पवित्र तीर्थराज पुष्कर में परम् विभूषित राष्ट्र संत गोविंद देव गिरी महाराज एवं विश्वविख्यात योगगुरु बाबा रामदेव का पावन आशीर्वाद प्राप्त कर आयोजित श्री ब्रह्मा सावित्री वेद विद्यापीठ आश्रम के रजत जयंती समारोह-2026 में गरिमामयी सहभागिता की। आश्रम के 25 वर्ष पूर्ण होने का यह ऐतिहासिक अवसर भारतीय संस्कृति, वेद परंपरा एवं सनातन आध्यात्मिक चेतना के संरक्षण और संवर्धन का प्रेरणादायी प्रतीक बना।




कार्यक्रम में देशभर से पधारे संत-महात्माओं, वेदाचार्यों, शिक्षाविदों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने समारोह को भव्य स्वरूप प्रदान किया। वैदिक मंत्रोच्चार, यज्ञ-हवन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा की दिव्यता का अनुपम दर्शन हुआ।

मंत्री रावत ने अपने संबोधन में कहा कि पुष्कर की पावन धरा सदियों से धर्म, साधना और ज्ञान की राजधानी रही है। श्री ब्रह्मा सावित्री वेद विद्यापीठ आश्रम ने विगत 25 वर्षों में वेदाध्ययन, संस्कार शिक्षा एवं राष्ट्र चेतना के जागरण का जो कार्य किया है, वह समाज के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि वेद केवल ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की शाश्वत पद्धति हैं, जो मानवता को 'वसुधैव कुटुंबकम' का संदेश देती हैं।

पूज्य संतों के सानिध्य में मंत्री रावत ने वेदपाठी विद्यार्थियों एवं आचार्यों का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने आश्रम में संचालित गुरुकुल पद्धति, संस्कृत शिक्षा, योग प्रशिक्षण एवं नैतिक मूल्यों पर आधारित पाठ्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार भारतीय सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है।

राष्ट्र संत गोविंद देव गिरी जी महाराज ने वैदिक परंपरा को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि जब तक हमारी शिक्षा व्यवस्था में संस्कार, आध्यात्मिकता और राष्ट्रभक्ति का समावेश नहीं होगा, तब तक समग्र विकास संभव नहीं है। वहीं योगगुरु बाबा रामदेव जी ने योग, आयुर्वेद और वेद के माध्यम से आत्मनिर्भर और स्वस्थ भारत निर्माण का आह्वान किया।

मंत्री रावत ने कहा कि पुष्कर में ऐसे आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों से क्षेत्र की वैश्विक पहचान सुदृढ़ होती है तथा धार्मिक पर्यटन को भी नई दिशा मिलती है। उन्होंने आश्रम परिवार को रजत जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार राष्ट्र निर्माण के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने का विश्वास व्यक्त किया।

समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# टोंक में आयुष आरोग्य मेला बना लोगों के लिए राहत का केंद्र





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/टोंक, (बाबू अंसारी)।** आयुष विभाग की ओर से निरोगी राजस्थान की संकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से टोंक में आयुष आरोग्य मेले का आयोजन शुक्रवार से 16 फरवरी तक गांधी खेल मैदान में किया जा रहा है। मेले में यूनानी चिकित्सा पद्धति को लेकर आमजन में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। यूनानी चिकित्सा के नोडल प्रभारी डॉ. मोहम्मद रोशन ने बताया कि टोंक में आयोजित आरोग्य मेले में यूनानी चिकित्सा को काफी सराहना मिल रही है।टोंक का यूनानी चिकित्सा से ऐतिहासिक जुड़ाव रहा है। इसे 'नवाबों का शहर' कहा जाता है और यहां की संस्कृति में यूनानी चिकित्सा की गहरी छाप है। उन्होंने बताया कि टोंक स्थित राजकीय यूनानी मेडिकल कॉलेज पूरे राजस्थान में यूनानी चिकित्सा के प्रचार-प्रसार का बड़ा केंद्र है। जोड़ों के दर्द से लेकर गैस-कब्ज तक, यूनानी इलाज की ओर बढ़ा भरोसा मेले में यूनानी चिकित्सा एवं हिजामा (कपिंग) थेरेपी इकाई के प्रभारी डॉ. सैयद मंजूर और डॉ. शोएब उर रहमान ने बताया कि लोग बड़ी संख्या में जोड़ों का दर्द, गठिया, पाचन विकार, गैस, कब्ज, एसिडिटी, त्वचा रोग, सफेद दाग, एक्जिमा, श्वसन संबंधी समस्याएं, पुरानी खांसी, साइनसाइटिस, तनाव, मोटापा व जीवनशैली रोग जैसी समस्याओं के लिए यूनानी चिकित्सा से उपचार ले रहे हैं। दो दिन में 700 से ज्यादा मरीजों ने लिया लाभ मेले के पहले दो दिनों में यूनानी औषधियों से करीब 500 मरीजों और कपिंग थेरेपी से 200 से ज्यादा मरीजों ने उपचार लेकर लाभ उठाया है।

### अजमेर संभाग से भी पहुंचे विशेषज्ञ

चिकित्सक मेले में अजमेर संभाग से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों में डॉ. मोहम्मद मतीन, डॉ. शीबा परवीन, डॉ. नाजरीन रंगरेज, डॉ. अहमद हसन, डॉ. असदुल्ला खां, डॉ. मोहम्मद आसिम खां, डॉ. अलवीना, डॉ. मेहर जहां, डॉ. अशरफ अली बैग सहित अन्य चिकित्सक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वहीं नर्सिंग स्टाफ में कम्पाउंडर इंद्राज बैरवा, नेमीचंद गोदारा, रामनिवास सैन, भूपेंद्र पाल सिंह, प्रियंका रैगर, जमीला बानो नीलगर तथा परिचारक रज्जाक खान सहित अन्य कर्मचारी भी सेवाएं दे रहे हैं।यूनानी घरेलू नुस्खों पर दिया गया विशेष व्याख्यान मेले के दौरान डॉ. मोहम्मद अकमल (एसोसिएट प्रोफेसर, राजकीय यूनानी मेडिकल कॉलेज, टोंक) ने यूनानी घरेलू उपचार पर विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि यूनानी चिकित्सा केवल लक्षणों का इलाज नहीं करती, बल्कि शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) को भी मजबूत बनाती है। आयुष आरोग्य मेला टोंकवासियों के लिए स्वास्थ्य और राहत का बड़ा माध्यम बनकर उभर रहा है।

## मातृ-पितृ पूजन दिवस: विद्यार्थियों ने लिखी 'पाती', मतदान के प्रति किया जागरूक



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)।** जिला प्रशासन एवं निर्वाचन विभाग के स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत 'पाती माँ एवं पिता के नाम' गतिविधि के तहत शनिवार को जिले के समस्त राजकीय एवं निजी माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में मातृ-पितृ पूजन दिवस भावनात्मक एवं प्रेरणादायी वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता का पूजन कर उन्हें पत्र लिखते हुए लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी व्यक्त की तथा मतदान के संवैधानिक अधिकार का नैतिक उपयोग करने का आग्रह किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने पत्रों में माता-पिता से मतदान अवश्य करने, निष्पक्ष एवं जागरूक मतदाता बनने तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध डिजिटल सुविधाओं जैसे वोटर हेल्पलाइन ऐप , सक्षम, केवाईसी, सी-विजिल एवं अन्य ऑनलाइन सेवाओं का उपयोग करने का संदेश दिया। बच्चों की भावनात्मक अपील ने कार्यक्रम को विशेष रूप से प्रेरक बना दिया।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार आयोजित इस गतिविधि का उद्देश्य भावी मतदाताओं को लोकतांत्रिक मूल्यों से जोडना तथा परिवार स्तर तक मतदाता जागरूकता का संदेश पहुँचाना है। कार्यक्रम से संबंधित गतिविधियों का विवरण शाला दर्पण एवं संबंधित पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

विद्यालयों में आयोजित इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों में माता-पिता के प्रति सम्मान, भारतीय पारिवारिक मूल्यों तथा जिम्मेदार नागरिकता की भावना को सुदृढ़ किया गया। मातृ-पितृ पूजन दिवस ने भारतीय संस्कृति और लोकतांत्रिक जागरूकता का प्रभावी समन्वय प्रस्तुत किया।

# बैंकों की विशेष प्री-लिटिगेशन लोक अदालत का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)।** शनिवार को एडीआर सेंटर सवाई माधोपुर में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एवं आई.डी.बी.आई. बैंक के ऋण खातों के संबंध में विशेष प्री-लिटिगेशन लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह आयोजन आशुतोष सिंह आढ़ा, वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सवाई माधोपुर की अध्यक्षता में किया गया । इस दौरान बैंच के सदस्य अक्षय सिंह राजावत, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल भी उपस्थित रहे।



इसके अतिरिक्त तालुका गंगापुर सिटी, बौंली, खंडार, बामनवास में भी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एवं आई.डी.बी.आई. बैंक की विशेष प्री-लिटिगेशन लोक अदालत का आयोजन किया गया, विशेष प्री-लिटिगेशन लोक अदालत हेतु जिले में कुल पांच बैंचों का गठन किया गया। बैंचों द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एवं आई.डी.बी.आई. बैंक के प्रतिनिधियों एवं प्रतिवादियों के बीच समझाइश करवाकर प्रकरणों का सौहार्दपूर्ण निस्तारण किया गया ।

## 'एक शाम बाबा श्याम के नाम'चंग की थाप के साथ विशाल भजन संध्या कल होगी आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह/टोंक (नि.स.)।** कस्बे में श्री राम जी मंदिर परिसर कल्याण जी चौक में श्री श्याम परिवार के तत्वाधान में फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी 16 फरवरी सोमवार रात्रि 8 बजे से 'एक शाम बाबा श्याम के नाम' चंग की थाप , श्रद्धा और उत्साह के साथ विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। श्याम परिवार समिति के सदस्य दिनेश साहू के अनुसार कार्यक्रम में विशेष बाबा श्याम की आकर्षक झांकी ,पुष्प वर्षा सुगंधित इत्र वर्षा व प्रसिद्ध भजन गायको द्वारा बाबा श्याम के सुमधुर भजनों की रसगंगा प्रवाहित करने के लिए अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

भक्ति संगीत की मधुर धुनों से वातावरण को भक्तिमय बनाएंगे पूरी रात चलने वाले इस भजन संध्या में श्रद्धालु भजनों के माध्यम से बाबा श्याम की महिमा का गुणगान करते हुए भक्ति भाव में लीन रहेंगे। जागरण के दौरान अलौकिक श्रृंगार, छप्पन भोग, भव्य दरबार और अखंड ज्योत के दिव्य दर्शन श्रद्धालुओं को प्राप्त होंगे जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहेंगे।

श्री श्याम परिवार ने सभी नागरिकों , माताओं और बहनों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त करें। यह आयोजन क्षेत्र के धार्मिक एकता श्रद्धा और सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करने का संदेश देगा।

# जनहित और विकास के संकल्प के साथ प्रस्तुत हुआ राजस्थान बजट : टोंक में भाजपा की प्रेसवार्ता

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** राजस्थान बजट पर भाजपा कार्यालय टोंक पर प्रेसवार्ता आयोजित की गई। जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान, देवली उनियारा विधायक राजेन्द्र गुर्जर,निवाई विधायक रामसहाय वर्मा ने प्रेसवार्ता की। जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने मीडिया से बातचीत में राज्य सरकार के बजट को जनहित केंद्रित बताते हुए कहा कि बजट आमजन के हित को ध्यान में रखा गया है।यह बजट विकसित राजस्थान की दिशा में मजबूत कदम है। चौधरी ने कहा कि युवाओं के लिए ब्याज मुक्त ऋण योजनाएं उन्हें स्वरोजगार की ओर प्रेरित करेंगी, वहीं महिलाओं के लिए 'लखपति




दीदी' जैसी योजनाएं आर्थिक सशक्तिकरण को गति देंगी।प्रस्तुत बजट गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के सर्वांगीण विकास को समर्पित है। उन्होंने बताया कि 6 लाख 10 हजार 956 करोड़ रुपए के इस बजट का आकार वर्ष 2023-24 की तुलना में 41 प्रतिशत अधिक है। राज्य के अवसंरचना विकास के लिए 53 हजार 978 करोड़ रुपए के पूंजीगत व्यय का प्रावधान किया गया है, जो वर्ष 2023-24 की तुलना में दोगुने से अधिक है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 32 हजार 526 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जो पूर्व बजट से 53 प्रतिशत अधिक है। कृषि बजट में 7.59 प्रतिशत तथा ग्रीन बजट में 20.81 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।उन्होंने कहा कि शिक्षा सुविधाओं के विस्तार हेतु 69 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जो वर्ष 2023-24 की तुलना में लगभग 35 प्रतिशत अधिक है। प्रदेश के 400 विद्यालयों को क्रमोन्नत कर 'सीएम राइज विद्यालय' बनाया जाएगा। प्रतियोगी परीक्षाओं के पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए राजस्थान स्टेट टेस्टिंग एजेंसी की स्थापना की घोषणा की गई है तथा ऑनलाइन टेस्टिंग सेंटर विकसित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि वीबीजी योजना में 4 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही ग्रामीण महिला बीपीओ की स्थापना, नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना में ऋण सीमा वृद्धि, जैसलमेर में अल्ट्रा लग्जरी स्पेशल टूरिज्म जोन का विकास तथा शेखावाटी हवेली योजना के अंतर्गत 660 चिन्हित हवेलियों के पुनरुद्धार का प्रावधान किया गया है।उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण के प्रति समर्पित सरकार ने असहाय एवं लावारिस व्यक्तियों को दस्तावेजों के अभाव में भी मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना एवं निरोगी राजस्थान योजना के तहत निःशुल्क उपचार का लाभ देने की घोषणा की है। जरूरतमंद एवं मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट, लैपटॉप, साइकिल एवं यूनिफॉर्म हेतु डीबीटी के माध्यम से ई-वाउचर उपलब्ध कराए जाएंगे। युवाओं के लिए 1.43 लाख पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रचलित है तथा 1 लाख पदों का भर्ती कैलेंडर जारी किया गया है। अन्नदाता किसानों के लिए यमुना जल को शेखावाटी क्षेत्र तक लाने हेतु 32 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ किया जाएगा। 35 लाख से अधिक किसानों को 25 हजार करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए जाएंगे तथा 800 करोड़ रुपये ब्याज अनुदान पर व्यय किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के विजन को आगे बढ़ाने वाला है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष गणेश माहुर,जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, प्रभु बाडोलिया,नरेश बंसल, जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी, बबलू टैंकर, मीडिया प्रभारी कमलेश यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

# वैश्य महिला समिति राजगढ़ के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न, रेणू जैन बनी अध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर )।** वैश्य महिला समिति राजगढ़ के चुनाव अग्रवाल धर्मशाला में सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में सर्वसम्मति से संपन्न हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समिति की सदस्याओं की उपस्थिति रही। जिला उपाध्यक्ष मीना खंडेलवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। अध्यक्ष पद पर रेणु जैन, महामंत्री के रूप में नमिता गुप्ता, कोषाध्यक्ष पद पर रेखा रानी, उपाध्यक्ष पद पर ममता गुप्ता, सांस्कृतिक मंत्री के रूप में कमलेश खंडेलवाल, प्रवक्ता पद पर मोना विजय तथा ऑडिटर पद पर पुष्पा गुप्ता को चुना गया। इसके अतिरिक्त सदस्य के रूप में भगवती गुप्ता,अनीता विजय, चंद्रकांता, प्रीति खंडेलवाल, दीपिका अग्रवाल, अर्चना भांगला, कमलेश गुप्ता, कमलेश खंडेलवाल एवं पवन जैन उपस्थित रहे और सभी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समिति को और अधिक सक्रिय एवं संगठित बनाने का संकल्प लेते हुए समाज सेवा,महिला सशक्तिकरण तथा सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की बात कही। कार्यक्रम का समापन आपसी सहयोग और एकजुटता के संदेश के साथ हुआ।

# तीन दिवसीय 'अध्यात्म विज्ञान' शंका समाधान एवं प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आज से

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** दादा भगवान सर्व कल्याण ट्रस्ट के तत्वावधान में 'अध्यात्म विज्ञान' विषय पर तीन दिवसीय शंका समाधान, प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम एवं संघोष्ठी का आयोजन 15 फरवरी से 17 फरवरी 2026 तक किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रतापबंध स्थित सनातन स्व संस्कार केंद्र में आयोजित होगा।

ट्रस्ट अध्यक्ष पवन खंडेलवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम को आध्यात्मिक विज्ञानी स्वामी कमलेशानंद जी विशेष रूप से संबोधित करेंगे। कार्यक्रम प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा सायं 4 बजे से 6 बजे तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में अलवर क्षेत्र के अनेक महात्मा एवं श्रद्धालु भाग लेंगे। कार्यक्रम में संघपति ताराचंद खंडेलवाल, गीता चौहान, भीमसेन लखेरा, बिरजुसिंह, अनिल सैनी, रोशनलाल सैनी, महेंद्र सैनी, केपी गुप्ता सहित आसपास क्षेत्र के अनेक जिज्ञासु उपस्थित रहेंगे। ट्रस्ट की ओर से अधिकाधिक लोगों से कार्यक्रम में सहभागी बनने का आग्रह किया गया है।

# आवारा गोवंश, पानी संकट से दुकानदार परेशानः धौलपुर के शिव मंदिर मेले में अव्यस्था बनी चुनौती, राहत की मांग

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर के ऐतिहासिक शिव मंदिर पर 15 फरवरी से 10 दिवसीय महाशिवरात्रि मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस लक्खी मेले में हर वर्ष की तरह हजारों श्रद्धालुओं, कावड़ियों और व्यापारियों के आने की संभावना है। हालांकि, मेला शुरू होने से पहले ही अव्यवस्थाओं को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। मेला ग्राउंड में आवारा गोवंश की मौजूदगी और पानी की कमी दुकानदारों के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। मेला परिसर में बड़ी संख्या में निराश्रित गोवंश घूमता देखा जा रहा है। दुकानदारों का कहना है कि ये गोवंश आपस में लड़ते-भिड़ते हैं और अचानक उग्र हो जाते हैं, जिससे उनकी अस्थायी दुकानों को नुकसान पहुंचने का खतरा बना रहता है। व्यापारियों ने बताया कि उन्होंने काफी मेहनत और खर्च से दुकानें लगाई हैं, लेकिन गोवंश के कारण हर समय नुकसान का डर सता रहा है। दुकानदारों ने यह भी आशंका जताई है कि यदि समय रहते गोवंश को नहीं हटाया गया, तो मेले में आने वाले महिला, बच्चे और श्रद्धालु भी दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मेले की शुरुआत से पहले गोवंश को मेला क्षेत्र से बाहर किया जाए और सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। दूसरी ओर, पीने के पानी की समस्या भी दुकानदारों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। कई व्यापारी 10 फरवरी के बाद से ही जमीन आवंटन के अनुसार मेला स्थल पर पहुंचकर अपनी दुकानें लगा चुके हैं। उनका कहना है कि पिछले तीन दिनों से उन्हें पीने का पानी उपलब्ध नहीं कराया गया है, जिसके कारण उन्हें मजबूरी में कैंपर खरीदकर पानी पीना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, नगर पालिका द्वारा पानी सप्लाई का 10 दिन का ठेका 15 फरवरी से शुरू हो रहा है, जबकि अधिकांश दुकानदार उससे पहले ही मेला स्थल पर पहुंच चुके हैं।

## ट्रक से कुचले युवक की जयपुर ले जाते समय हादसे के 15 घंटे बाद दर्दनाक मौत,

# सिस्टम की लाचारी से अजय की मौत,नो एंट्री में घुसा था ट्रक,जिम्मेदार मौन, आमजन चिंतित

## दोनों पैरो के साथ गुप्तांग में आई थी गंभीर चोट,नहीं रुकी ब्लीडिंग

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर में शुक्रवार को दिन में 12 बजे हुई सड़क दुर्घटना में ट्रक से कुचले 22 वर्षीय युवक की ग्वालियर से जयपुर ले जाते समय रास्ते मे दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने जिला अस्पताल धौलपुर में परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कराया है। मृतक युवक के शव को परिजन बाड़ी लेकर आए। जहां मोहल्लेवासी और रिश्तेदारों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया है। घटना को लेकर परिजनों की तहरीर पर कोतवाली थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर के गुमट गैरत खेल निवासी पूर्व चेयरमैन गया प्रसाद कोली ने बताया कि उनका भतीजा 22 वर्षीय अजय पुत्र किरोड़ी लाल बीए की परीक्षा पास कर चुका था और वर्तमान में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में जुटा था। शुक्रवार को 11 बजे घर से बाजार कोई सामान लेने गया था। जब स्कूटी से भारद्वाज मार्केट के बालिका विद्यालय के पास से गुजर रहा था तो पीछे से आ रहे ट्रक ने स्कूटी स्लिप होने पर उसे कुचल दिया। घटना के बाद गम्भीर हालत में बाड़ी



अस्पताल से धौलपुर ले जाया गया। जहां तबीयत में सुधार नहीं हुआ तो पहले ग्वालियर और फिर ग्वालियर से जयपुर ले जा रहे थे। इस दौरान रात करीब 3 बजे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। घर आकर अंतिम संस्कार किया है। गयाप्रसाद कोली ने बताया कि किरोड़ी उनका छोटे भाई है जो पत्थर मिस्त्री का काम करता है। उसके दो लड़को में अजय छोटा था। बड़ा बेटा विजय अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री बिजनौर में काम करता है। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूटा है। जिसको सहन करना असंभव लग रहा है।

**दोनों पैरों के टूटने के साथ गुप्तांग में आई थी गंभीर चोट**

मृतक अजय के ताऊ गयाप्रसाद कोली ने बताया की दुर्घटना के दौरान ट्रक के पहिए चढ़ने से अजय के दोनों पर पूरी तरह कुचल गए थे। वहीं गुप्तांग में गंभीर चोट आई थी। इसके चलते जब उसे उपचार के लिए ले जाया गया तो गुप्तांग से ब्लीडिंग नहीं रुकी। जिसके चलते ही अजय का निधन हो गया।

### सिस्टम की भेंट चढ़ा अजय जिम्मेदारी किसकी

22 वर्षीय अजय कोली शहर में लाचार सिस्टम की भेंट चढ़ा है। नो एंट्री में लोडेड ट्रक कैसे आया। इसको लेकर कोई जिम्मेदारी नहीं ले रहा। हालात यह है कि लोडेड और भारी वाहन शहर में कभी भी किसी भी मार्ग से प्रवेश कर जाते हैं। बजरी ट्रैक्टर तो शहर की सड़कों पर ऐसे गुजरते हैं जैसे तूफान जा रहा हो। शहर में एक थाने के साथ दो पुलिस चौकी और एक एडिशनल एसपी का कार्यालय है। लेकिन शहर के मार्गों पर कोई निगरानी नहीं है। अब यह लाचार सिस्टम कैसे सही होगा और कौन इसकी जिम्मेदारी लेगा,यह प्रश्न बना हुआ है।

# पुलवामा हमले की बरसी पर शहीद भागीरथ सिंह को श्रद्धांजलि, जिला कलक्टर व पुलिस अधीक्षक ने परिजनों से की मुलाकात

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** पुलवामा में हुए आतंकी हमले की बरसी पर जिले के वीर सपूत शहीद भागीरथ सिंह को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस अवसर पर जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी एवं जिला पुलिस अधीक्षक भी शहीद के निवास पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त कीं।

जिला कलक्टर ने शहीद की वीरांगना एवं परिवारजनों से संवाद करते हुए कहा कि राष्ट्र की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों का ऋण कभी नहीं चुकाया जा सकता। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन हर परिस्थिति में शहीद परिवार के साथ खड़ा है और उनकी समस्याओं के



समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

जिला पुलिस अधीक्षक ने भी शहीद की वीरता को नमन करते हुए कहा कि ऐसे वीर सपूतों का बलिदान सदैव देशवासियों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने परिवारजनों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित कर परिजनों का ढांढस बंधाया। कार्यक्रम के दौरान शहीद के परिजन जरदान सिंह, मानवाल सिंह, कोमल सिंह, पूर्व सैनिक परिषद सदस्य प्रणव मुखर्जी, हकीम सिंह त्यागी, गिर्राज सिंह त्यागी सहित अन्य गणमान्यजन मौजूद रहे। पूरा वातावरण देशभक्ति और श्रद्धा से ओतप्रोत रहा।

# कुल्ली बाबा मंदिर पर बाबा श्याम का सजा दरबार, विजयादशमी पर हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के होद मोहल्ला कुंडली वाले मंदिर पर बाबा श्याम के दरबार में शुक्रवार की शाम विशेष आयोजन किया गया। विजया एकादशी के अवसर पर बाबा का विशेष श्रृंगार हुआ और आरती के बाद भोग प्रसादी का वितरण किया गया। जिसमें बाबा श्याम के भक्तों के साथ शहर के सैकड़ो की संख्या में महिला,पुरुष श्रद्धालुओं ने शिरकत की। मंदिर पुजारी बलराम तिवारी ने बताया कि होद मोहल्ले के कुल्ली वाले मंदिर पर बाबा श्याम का हर एकादशी को विशेष आयोजन किया जाता है। ऐसे में शुक्रवार को फाल्गुन मास की एकादशी जिसे विजया एकादशी का नाम दिया गया है पर हारे के सहारे बाबा श्याम का विशेष श्रृंगार किया गया और सभी श्याम प्रेमियों ने संध्या आरती के बाद बाबा श्याम को अपने मीठे मीठे भजनों से रिझाने का प्रयास किया। सभी श्याम प्रेमियों ने बढ़-चढ़कर बाबा का आनंद उत्सव मनाया और आरती के बाद प्रसादी पाकर बाबा का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में श्याम प्रेमी ज्ञान प्रकाश मंगल,नागेंद्र कुशवाह, नरेश मित्तल,रामप्रकाश गोयल,राजेंद्र कुशवाहा,विवेक मंगल,प्रांशु गर्ग,देवांश मोदी सहित दर्जनों की संख्या में श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

# प्रशासन की अनदेखीः नीमला गांव में बंदरों का आतंक, बुजुर्ग घायल

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर )।** उपखंड क्षेत्र के गांव नीमला में बंदरों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि ग्रामीणों का घर से निकलना दुर्भर हो गया है। शनिवार को बंदरों के झुंड ने एक वृद्ध ग्रामीण पर जानलेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। प्रशासन को बार-बार सूचित करने के बाद भी कोई कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में भारी रोष है।? शनिवार को नीमला निवासी रामकरण शर्मा (बढ़वाला) अपने मकान के पड़ोस मे बने बाड़े मे थे, तभी अचानक बंदरों ने उन पर हमला कर दिया।

बंदरों ने उन्हें बुरी तरह जख्मी कर दिया। आनन-फानन में परिजनों और ग्रामीणों ने उन्हें नजदीकी अस्पताल पहुँचाया, जहाँ उनका उपचार करवाया। ग्रामीणों का आरोप है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। बंदरों के आतंक को लेकर पूर्व में कई बार उपखंड अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, सरपंच आदि को लिखित और मौखिक रूप से अवगत कराया जा चुका है।

## राजनीती में आरक्षण का लाभ लेकर पंहुचाते हैं किसी दूसरे को फायदा

# राजनीतिक क्षेत्र में हो आरक्षण की समाप्तिःमौर्य

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मोर्य )।** बानसूर पंचायत समिति क्षेत्र के 2005में पंचायत समिति सदस्य रहे,लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य रहे तथा प्रदेश सचिव रहे सुगनचन्द मर्यादा मौर्य ने राजनीतिक क्षेत्र में आरक्षण को समाप्त करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि वर्तमान हालात ऐसे हो गए हैं कि आरक्षण की सुरक्षित सीट पर जीतकर आने वाला आरक्षित वर्ग के पक्ष में कुछ बोलता ही नहीं है, यदि बोलता है तो सिर्फ राजनीतिक दल के बारे में जिसके चुनाव चिन्ह पर वह चुनाव जीता है। उसे अपने राजनीतिक दल की ही परवाह होगी क्योंकि वह सिर्फ स्वार्थी है। उसको यह नहीं पता कि यह आरक्षण तुम्हें क्यों मिला है।मौर्य ने बताया कि वैसे भी आरक्षित समाजों के लोगों को वह लाभ कहाँ मिल रहा है जो 10प्रतिशत आरक्षित लोगों को मिल रहा है।



जब राजनीती में आरक्षण ही समाप्त हो जाएगा तो इनकी अक्ल ठिकाने अपने आप आ जाएगी।

उन्होंने कहा कि बानसूर के वर्तमान और पूर्व विधायकों में कौन झूंठ बोल रहा है इसके लिए उन्हें कैमरे के सामने आना चाहिए। मौर्य ने कहा कि आरक्षण एक संरक्षण है पर उसकी पालना कहाँ हो रही है। यदि आरक्षण को लागू करना था तो अब तक सीटें लंबित क्यों



पड़ी हुई हैं!उन्होंने कहा कि राजनीतिक आरक्षण की समाप्ति के बिना यह कार्य पूरा नहीं हो सकता। मौर्य ने कहा कि जब तक हाथ से खाना नहीं बनाना आता पत्नी के द्वारा तैयार खाने में मीन-मैख निकलना अच्छा नहीं होता!इसलिए पूर्व पंचायत समिति सदस्य और बानसूर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार का कहना है कि राजनीतिक क्षेत्र में आरक्षण की समाप्ति हो जानी चाहिए।

# शादी समारोह में लाखों रुपए के गहने व नकदी भरा बैग चोरी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** हरमाड़ा थाना इलाके में शादी समारोह के दौरान अज्ञात नकबजन लाखों रुपयो के गहने व नकदी भरा बैग चोरी कर फरार हो गया। मामले की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित तुरंत थाने पहुंचा और अज्ञात नकबजन के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपित की तलाश शुरु कर दी है।

पुलिस के मुताबिक लुधियाना निवासी व्यक्ति अपनी बेटी की शादी के लिए परिवार और रिश्तेदारों के साथ जयपुर आए थे। समारोह थाना इलाके में स्थित %दा ओएसिस रिसोर्ट% में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान पीड़ित ने अपना बैग पास की एक कुर्सी पर रख दिया। कुछ ही देर में बैग गायब हो गया। काफी तलाश करने के बावजूद बैग नहीं मिला, तो रिसोर्ट के कैमरों की जांच की गई। जिसमें अज्ञात नाबालिग लड़का बैग को कंधे पर लटकाकर कोट के नीचे छिपाते हुए तेजी से रिसोर्ट के बाहर जाता हुआ दिखाई दिया। पीड़ित ने बताया कि बैग में कीमती गहने और लगभग 3 लाख रुपए नकद थे। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

# श्री राम मंदिर, अपना घर शालीमार में शिव कथा का भक्ति रसपूर्ण आयोजन, पंचम दिवस पर समर्पण भाव का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अपना घर शालीमार स्थित श्री राम मंदिर में चल रही शिव कथा के पंचम दिवस, 13 फरवरी को परम पूज्य डॉ. शिवम् साधक महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि भगवान शिव की कृपा प्राप्त करनी है तो अर्पण से अधिक समर्पण भाव को महत्व देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान किसी वस्तु से उतनी शीघ्र प्रसन्न नहीं होते, जितनी शीघ्र सच्चे समर्पण से होते हैं। भगवान को अर्पित करने योग्य यदि कोई सर्वोत्तम वस्तु है तो वह हमारा मन है। जिसने अपना मन भगवान को समर्पित कर दिया, वही जीवन में वास्तविक अर्थों में सफल है। महाराज ने कहा कि जीवन में सब कुछ हमारी इच्छा अनुसार हो, यह आवश्यक



नहीं है। भगवान जैसा चलाते हैं, वैसा ही स्वीकार कर उनके चरणों में अपनी इच्छा का विलय कर देना ही सच्ची भक्ति है। कथा के दौरान भगवान शिव एवं माता पार्वती की हल्दी एवं लगन रस्म का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालु भक्तिभाव से झूम उठे। विशेष रूप से एक विवाह योग्य कन्या की भी हल्दी एवं लगन की रस्म संपन्न करवाई गई, जिससे वातावरण अत्यंत भावुक और मंगलमय हो गया।

सायं 5 से 7 बजे तक दिव्य चंदन दरबार आयोजित किया गया, जिसमें महाराज श्री ने अनेक पीड़ित जनों की व्यथा सुनी और उन्हें आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान किया। रात्रि में भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती के पावन विवाह उत्सव के अवसर पर लेडीज संगीत कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें उपस्थित भक्त भावविभोर हो उठे। साधक सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. एस. सी. मित्तल ने जानकारी दी कि ब्रह्मलीन परम पूज्य भक्ति सम्राट संत गुरुजी श्री शिवानंद साधक जी महाराज (डेरा वाले बाबा, श्रीधाम वृंदावन) की असीम कृपा एवं परम पूज्य डॉ. शिवम् साधक जी महाराज के सान्निध्य में 'शिव कृपा आनंद महोत्सव शिव कथा' का आयोजन 8 फरवरी 2026 से प्रतिदिन दोपहर 1 से 4 बजे तक श्री राम मंदिर, अपना घर शालीमार, अलवर में किया जा रहा है। यह आयोजन 15 फरवरी 2026 तक निरंतर चलेगा। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर 108 विशेष रुद्राभिषेक आयोजित किए जाएंगे, इसके पश्चात भगवान शिव की भव्य बारात निकाली जाएगी तथा एक कन्या का विवाह भी संपन्न कराया जाएगा। श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में कथा एवं विवाह समारोह में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की गई है। कथा के यजमान के रूप में मदनलाल गुप्ता, डॉ. एस. सी. मित्तल, अल्का मित्तल, राकेश गोयल, संदीप अग्रवाल, भावना अग्रवाल, राजेश शर्मा, पूजा शर्मा, सुभाष मित्तल, अनिल बंसल एवं गिरीश गुप्ता उपस्थित रहे।

## इस बार चारों कक्षाओं में ही होगें निः शुल्क प्रवेश

# निजी विधालयों में आरटीई के तहत निःशुल्क प्रवेशित सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर )।** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा के अंतर्गत निजी विधालयों में असुविधा एवं दुर्बल वर्ग के बालकों के लिए 25 प्रतिशत सीटों पर निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना ने बताया कि राज्य सरकार ने निजी स्कूलों के लिए सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया के लिए आनलाईन आवेदन का टाईम फ्रेम जारी कर दिया है। इस बार निजी विधालय चारों कक्षाओं में प्रवेश ले सकते है। शिक्षा विभाग ने पूर्व प्राथमिक जिसमें कक्षा पीपी-3, पीपी-4, पीपी-5 तथा प्रथम कक्षा में आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अभिभावकों द्वारा 4 मार्च 2026 तक वेबसाईट पर या राजस्थान प्राईवेट स्कूल एप पर आनलाइन आवेदन करना होगा। प्रवेश लेने वाले बालकों को कैचमेंट एरिया का होना आवश्यक है। विधालयों को 17 फरवरी तक विधालय की प्रोफाइल अपडेट करने के दिशानिर्देश प्रदान किये गये है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक निजी विद्यालय को अपने विद्यालय में संचालित एंट्री कक्षा (पीपी 3+, पीपी 4+, पीपी 5+) तथा कक्षा-1 में उस कक्षा में प्रविष्ट कुल बालकों की संख्या का 25 प्रतिशत की सीमा तक प्रवेश देना होगा। निःशुल्क एवं सशुल्क सीट्स पर अध्ययनरत बालकों में से जो बालक विद्यालय छोड़ चुके है।

## असन्तुलित होकर ट्रेक्टर पलटा, चालक की मौत



बढ़ता राजस्थान

लाखेरी (विश्वनाथ शर्मा)। उपखंड क्षेत्र के बडावली गांव में खेत से सरसो लेकर आ रहा ट्रेक्टर असन्तुलित होकर पलट गया। ट्रैक्टर की चपेट में आने से चालक किसान की मौत हो गई। देईखेड़ा पुलिस थाने के ए एस आई कन्हैयालाल मीणा ने बताया कि शनिवार को बडावली गांव निवासी किसान बजरंग लाल मीणा पुत्र किशन लाल मीणा उम्र 52 वर्ष अपने खेत मे सरसो की फसल निकाल कर ट्रॉली में भर कर घर लेजा रहा था तो खेत से निकालते समय अचानक ट्रैक्टर असन्तुलित पलट गया जिसके नीचे दबने से चालक बजरंग लाल की मौत हो गई सूचना पर मौके पर पहुच कर जेसीबी मशीन से ट्रेक्टर हटा कर शव को निकाला और देईखेड़ा अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सुपुर्द किया।पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**सहायता की मांग**

पूर्व सरपंच पवन मीणा, समाजसेवी बाबूलाल मीणा सहित ग्रामीणों ने मृतक के परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के चलते सरकार से आर्थिक सहायता की मांग की है।

## आज निकलेगी भोले की भव्य बारात, महाशिवरात्रि पर शहर होगा शिवमय

बढ़ता राजस्थान



**रामगंजमंडी (नि.स.)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर के राजस्थान मिल स्थित शिव मानस मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शिव नवरात्र महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। युवा शक्ति के तत्वावधान में आयोजित नौ दिवसीय आयोजन का समापन आज भव्य कार्यक्रमों के साथ होगा। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन संध्या समय भगवान शिव का विशेष श्रृंगार किया गया, जिसे देखने बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। प्रथम दिवस हल्दी-चंदन से दूल्हा स्वरूप में भोलेनाथ का श्रृंगार किया गया। इसके बाद अलग-अलग स्वरूपों में श्रृंगार होते रहे।

आज दोपहर 3 बजे भोले बाबा की बारात मंदिर से निकाली जाएगी। बारात सरकारी कुआं, ब्रह्मपुरी मोहल्ला, छोटे गोवर्धननाथ मंदिर, बाजार नंबर 6, अस्पताल चौराहा, अंबेडकर चौराहा, स्टेशन चौराहा, थाना चौराहा और गुरुद्वारा रोड सहित विभिन्न मार्गों से होकर पुनः मंदिर पहुंचेगी। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर बारात का स्वागत किया जाएगा। हजारों श्रद्धालु बाराती बनकर शामिल होंगे।

इस वर्ष बारात में भगवान शिव की चलित झांकी, दक्ष प्रजापति यज्ञ, मनमहेश स्वरूप और बाबा महाकाल स्वरूप की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। सुसज्जित बग्गी में विराजमान भोलेनाथ के आगे ढोल-नगाड़ों व डीजे की धुन पर भक्त झूमते नजर आएंगे। विशेष रूप से इस बार महाशिवरात्रि पर शिव-पार्वती विवाह का आयोजन भी किया जाएगा। बारात के मंदिर लौटने के बाद महाआरती एवं शिव-पार्वती विवाह की रस्म संपन्न होगी।

## साध्वी प्रेम बाईसा की संदिग्ध मौत मामले में पुलिस का खुलासा,

## अस्थमा व फेफड़े संबंधित बीमारी से कार्डियक अरेस्ट से हुई मौत

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर,(रंजन दवे)।** जोधपुर में चर्चित साध्वी प्रेम बाईसा की रहस्यमय मौत को 18 दिन पूरे होने के बाद पुलिस ने मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने अपनी जांच में अस्थमा व फेफड़े संबंधित बीमारी से कार्डियक अरेस्ट से मौत की वजह बताई है। जोधपुर पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश पासवान ने इस बात से स्पष्ट इनकार किया है कि प्रेम बाईसा की मौत में किसी प्रकार का षड्यंत्र रचा गया हो उन्होंने यह भी कहा कि पोस्टमार्टम के बाद एफएसएल और विसरा रिपोर्ट मिलने के साथ लोगों से पूछताछ के आधार पर पुलिस इस निष्कर्ष पर पहुंची है।जांच में सामने आया कि बिना डॉक्टर की विधिवत पर्ची के इंजेक्शन लगाया गया। इतना ही नहीं, संबंधित पर्ची भी उपलब्ध नहीं करवाई जा सकी। यही लापरवाही साध्वी प्रेम बाईसा की मृत्यु का सबसे बड़ा कारण बनी।

राजस्थान के जोधपुर में पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश पासवान ने शनिवार को इस पूरे मामले पर पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए खुलासा किया और कहा कि पुलिस कमिश्नर ने बताया कि एफएसएल और विसरा रिपोर्ट के साथ पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं डॉक्टरों की ओपिनियन के आधार पर यह निष्कर्ष सामने आया है कि साध्वी प्रेम बाईसा को फेफड़ों से संबंधित गंभीर बीमारी थी। अस्थमा की समस्या के चलते उन्हें कार्डियक अरेस्ट हुआ, जिससे उनकी मृत्यु हुई।प्राथमिक जांच में कंपाउंडर देवी सिंह राजपुरोहित पर लापरवाही प्रमाणित पाई गई है। पुलिस कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अब संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस के अनुसार इस पूरे मामले में अब तक 44 लोगों से पूछताछ की जा चुकी है, 106 मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) खंगाली गई है और 37 नमूने एफएसएल भेजे गए थे। 18 दिन की गहन जांच के बाद पुलिस इस नतीजे पर पहुंची है।वहीं, साध्वी प्रेम बाईसा के पिता विरामनाथ अब भी उपवास पर हैं और न्याय की मांग कर रहे हैं।फिलहाल पुलिस आगे की कानूनी प्रक्रिया में जुटी हुई है और मामले की विस्तृत रिपोर्ट न्यायालय में पेश की जाएगी।

# महाशिवरात्रि विशेष: शिव-पार्वती विवाह महोत्सव में कलश स्थापना, मेहंदी रस्म में सजे वेवर महादेव

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जिले में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर मंदिरों में धार्मिक आयोजनों की धूम मची हुई है। अमेट क्षेत्र के वेवर महादेव मंदिर में शिव-पार्वती विवाह महोत्सव के तहत शनिवार को विधि-विधान से कलश स्थापना की गई। इसके साथ ही मेहंदी रस्म का आयोजन हुआ, जिसमें वेवर महादेव को पारंपरिक रूप से मेहंदी अर्पित कर विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा और जयकारों से वातावरण गूंज उठा।

**मेहंदी रस्म में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब**

पुजारियों के सान्निध्य में शिवलिंग का आकर्षक श्रृंगार किया गया। महिलाओं ने मंगलगीत गाए और विवाहोत्सव की रस्मों का उल्लासपूर्वक निर्वहन किया। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, पुष्प, नारियल व धूप-दीप अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि रविवार को विशेष अनुष्ठान एवं महाआरती का आयोजन होगा।

**अखाड़ा प्रदर्शन की तैयारी**

महाशिवरात्रि मेले के तहत स्थानीय युवाओं और पहलवानों द्वारा अखाड़ा प्रदर्शन की तैयारियां भी जोरों पर हैं। पारंपरिक



व्यायाम, मलखंभ और कुश्ती के दांव-पेंचों का प्रदर्शन किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार यह प्रदर्शन धार्मिक उत्सव के साथ शारीरिक संस्कृति और परंपरा को बढ़ावा देने का संदेश देगा।

### कुंभलगढ़ क्षेत्र में विशेष भस्म आरती

कुंभलगढ़ क्षेत्र के प्रमुख शिवालयों में भी महाशिवरात्रि को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं। देर रात 12 बजे भस्म आरती एवं विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन होगा। मंदिरों में आकर्षक सजावट और रोशनी की व्यवस्था की गई है।

### केलवा क्षेत्र में भी भजन संध्या आज

महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर आज रात 8 बजे से पाटिया महादेव जी (बामण टुकड़ा, जिला राजसमंद) परिसर में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में आकर्षक सजावट की गई है और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। भजन संध्या में जय माला म्यूजिकल ग्रुप, मुंगाना एवं न्यू राजस्थानी म्यूजिकल ग्रुप, भीलवाड़ा के कलाकारों द्वारा शिव भक्ति की सरिता बहेगी। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजन गायक जगदीश जी वैष्णव (बबलू राजस्थानी) और सुप्रसिद्ध भजन गायिका हेमलता वैष्णव अपनी मधुर प्रस्तुतियों से भक्तों को मंत्रमुग्ध करेंगी। वहीं मंच पर छ्छ्छ किंग भी विशेष प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम का संचालन विक्रम आदित्यवाल करेंगे। साथ ही मां हिंगलाज साउंड, उदयपुर की साउंड व्यवस्था रहेगी। भजन संध्या में अंकित बाबू, संपत, प्रिया जोशी और उत्तम प्रजापति सहित अन्य कलाकार भी रंगारंग प्रस्तुतियां देंगे। आयोजन समिति के अनुसार श्रद्धालुओं के बैठने, पेयजल एवं प्रसादी की समुचित व्यवस्था की गई है। आयोजक धर्ती नमकीन, सूरत के सहयोग से यह भव्य कार्यक्रम आयोजित हो रहा है।

## खैराबाद पंचायत समिति में घोटालों के आरोप, दस्तावेजों के साथ नगर कांग्रेस का हमला

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (नि.स.)।** नगर कांग्रेस के अध्यक्ष पवन बाबेल ने खैराबाद पंचायत समिति में चल रहे कथित घोटालों को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि दस्तावेजों के आधार पर कई फर्जी भुगतान और नियम विरुद्ध कार्य सामने आए हैं।

बाबेल ने आरोप लगाया कि पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर को गुमराह कर विकास अधिकारी समय सिंह मीणा ने पेयजल आपूर्ति व सेनेटाइजेशन के नाम पर जेएस रिदिका एंटरप्राइजेज को 1 लाख 50 हजार और 1 लाख रुपए के दो भुगतान किए, जबकि कागजों में इन्हें नियमित सफाई और बड़े नाले की सफाई दर्शाया गया। उन्होंने कहा कि फर्म की जांच होने पर कई फर्जी भुगतान उजागर हो सकते हैं।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह भी



आरोप लगाया गया कि पंचायत समिति की भूमि पर बिना प्रस्ताव लिए कॉलोनाइजर को लाभ पहुंचाने के लिए नियम विरुद्ध पानी की टंकी का निर्माण कराया गया, जिससे पंचायत को लाखों रुपए का नुकसान हुआ। बाबेल के अनुसार यह कार्य स्थानीय भारतीय जनता पार्टी नेताओं के दबाव में हुआ। साथ ही उन्होंने कहा कि नियमों के विपरीत संबंधित सचिव को तीन पंचायतों—खैराबाद, मोड़क स्टेशन और सहरावदा—का प्रभार दिया गया है।

मनरेगा में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए बाबेल ने कहा कि जब सांगोद और सुल्तानपुर में श्रमिकों की संख्या सीमित है, तो खैराबाद पंचायत समिति में 11 हजार 616 श्रमिक दर्ज होना जांच का विषय है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि फतेहपुर में आयोजित कथा स्थल पर कार्यरत श्रमिकों का भुगतान नहीं किया गया और बाद में भुगतान दिखाने के लिए श्रमिकों को बुलाकर फोटो खींचे जा रहे हैं।

मदरसा आधुनिक योजना के तहत 7 लाख 8 हजार रुपए की पहली किस्त जारी होने के बावजूद केवल 2 लाख रुपए का कार्य होने और शेष निर्माण अधूरा रहने का आरोप भी लगाया गया। ग्रामीणों द्वारा मुख्य कार्यकारी अधिकारी को ज्ञापन देने और जांच आदेश जारी होने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होने की बात कही गई।

बाबेल ने मंत्री से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

इधर इस मामले में पक्ष जानने के लिए विकास अधिकारी समय सिंह मीणा से कई बार फोन और व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनकी ओर से कोई जवाब नहीं मिला।

## विजय एकादशी पर कपासन के श्री यशोदानंद नंदेश्वर मंदिर पर हुआ विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** विजया एकादशी के अवसर पर नगर के मुख्य मार्ग स्थित श्री यशोदानंद नंदेश्वर मंदिर परिसर में शुक्रवार को भजन-किर्तन एवं दानपुण्य इत्यादि विविध धार्मिक कार्यक्रमों का उत्साहपूर्वक भव्य आयोजन किया गया।

श्री यशोदानंद नंदेश्वर सत्संग मण्डल सदस्य एवं पंचायत समिति कपासन सहायक प्रशासनिक अधिकारी कैलाशचंद्र गर्ग (सिंहपुर) ने बताया कि विजया एकादशी के अवसर पर विविध धार्मिक कार्यक्रमों का नगर के मुख्य रेलवे स्टेशन मार्ग पर पंचायत समिति कपासन के समीप श्री यशोदानंद नंदेश्वर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं द्वारा उत्साहपूर्वक भव्य आयोजन किया गया।जिसमे भजन-किर्तन, दानपुण्य इत्यादि धार्मिक कार्यक्रमों को श्रद्धालुओं द्वारा भक्तिरस से ओत-प्रोत होकर उत्साहपूर्वक सम्पन्न किया गया।जिसके तहत गणपति पुजन के साथ उक्त कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया।जिसके बाद उपस्थित महिला श्रद्धालुओं द्वारा झूमते-नाचते विभिन्न धार्मिक भजनों का मनमोहक प्रस्तुतीकरण किया गया।जिससे चहुंओर भक्तिमय ऊर्जा का संचार व्याप्त रहा।

इस कार्यक्रम में सत्संग मंडल प्रवक्ता आशा मोदी, कैलाश देवी विजयवर्गीय, सुलोचना, बसन्ता, प्रेम, रेखा, सुशीला बारेगामा, सीमा बारेगामा,सीमा कुमावत, सीमा विजयवर्गीय, अंकिता विजय, चित्रा खण्डेलवाल, मुकिला मिश्रा, पप्पु बारेगामा सहित सत्संग महिला मंडल की सदस्य एवं श्रद्धालुगण द्वारा उपस्थित होकर प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान किया गया।

## दिनदहाड़े थाने से कुछ दूर से स्कूटी चोरी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजधानी जयपुर में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें अब पुलिस का भी कोई खौफ नहीं रहा। इसका ताजा उदाहरण राजधानी जयपुर के अशोक नगर थाना इलाके के हिरण वाला बाग के पास स्थित युधिष्ठिर मार्ग सी स्कीम में देखने को मिला। यहां एक चोर ने पुलिस स्टेशन से महज कुछ दूरी युधिष्ठिर मार्ग स्थित आस्था स्कायर के पास बाहर खडी होंडा एक्टीवा स्कूटी चोरी कर ली। जिसकी जानकारी स्कूटी मालिक ने नजदीकी अशोक नगर थाना पुलिस को दी है। जानकारी के अनुसार मामला शक्रवार दोपहर करीब 2 से 4 बजे का है। चोर इतने शातिर थे के आसानी से इस दिनदहाड़े वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया।

## राजसमंद लोकसभा क्षेत्र में सड़क एवं पेयजल से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर केंद्र की सकारात्मक पहल

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ द्वारा क्षेत्रीय जनहित के मुद्दों को केंद्रीय स्तर पर उठाने के फलस्वरूप राष्ट्रीय राजमार्ग-58 से संबंधित महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर प्रगति हुई है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी जी द्वारा दिनांक 15 दिसम्बर 2025 को प्रेषित पत्रों में इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जानकारी दी गई है। सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ द्वारा उठाए गए प्रमुख विषय ग्राम शेरो का बाला (NH-58) पर ओवरब्रिज निर्माण मंत्री द्वारा अवगत कराया गया है कि इस स्थान पर रोड सेफ्टी ऑडिट हेतु निविदा आमंत्रित की जाएगी तथा ऑडिट



रिपोर्ट के सुझावों के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। नाथद्वारा शहर में पेयजल पाइपलाइन नाथद्वारा शहर में पेयजल पाइपलाइन बिछाने के प्रस्ताव को सक्षम प्राधिकारी, जयपुर द्वारा स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है तथा वर्तमान में RUIDP द्वारा पाइपलाइन डाले जाने की कार्यवाही की जा रही है। ग्राम चालिसा मील, राजसमंद पर अंडरपास इस संबंध में भी रोड सेफ्टी ऑडिट करवाकर रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक निर्णय लिए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने कहा कि राजसमंद लोकसभा क्षेत्र में सड़क सुरक्षा, यातायात सुगमता एवं पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इन प्रस्तावों के मूर्त रूप लेने से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी और आधारभूत संरचना मजबूत होगी।उन्होंने केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी जी का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि सभी परियोजनाएं शीघ्र धरातल पर उतरेंगी। राजसमंद के समग्र विकास हेतु सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ निरंतर सक्रिय एवं प्रतिबद्ध हैं।

## स्कूली छात्रा से तीन युवकों ने किया गैंगरेप , मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर,(रंजन दवे)।** बाड़मेर से जोधपुर पढ़ने आई एक नाबालिग स्कूली छात्रा से गैंगरेप का मामला सामने आया है । पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है ।वेस्ट महिला अनुसंधान अपराध सेल एडीसीपी नीरज शर्मा मामले की जांच कर रही है ।

जोधपुर के देवनगर थाने में पीड़िता की दर्ज रिपोर्ट के अनुसार एक युवक ने उससे दोस्ती की और वे दोनों आपस में बातचीत करने लगे । इसके बाद युवक ने पीड़िता को मिलने के लिए मसूरिया क्षेत्र स्थित एक होटल में बुलाया । पीड़िता ने बताया कि होटल में युवक के साथ तीन युवक भी मौजूद थे । होटल में उसके साथ गैंगरेप किया गया । इस वारदात से डरी सहमी पीड़िता ने इस बारे में किसी को नहीं बताया । जब परिजनों ने पीड़िता का बदला हुआ व्यवहार देखा और उससे पूछताछ की , तो उसने अपनी आपबीती सुनाई । घटना पिछले महीने करीब 25 दिन पुरानी है । पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है । एडीसीपी नीरज शर्मा ने बताया कि पीड़िता के बयान लेने के बाद उसका मेडिकल कराया जाएगा ।

## कोटा में आवारा कुत्तों का आतंक, बच्चे और बुजुर्गों में डर का माहौल

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कोटा के नयापुरा इलाके में एक आवारा डॉग ने 2 साल की मासूम बालिका मिष्ठी पर हमला कर दिया। बच्ची घर के बाहर खेल रही थी, तभी डॉग ने उस पर हमला कर दिया। डॉग के हमले में बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसका अस्पताल में इलाज जारी है। बालिका के पैर, हाथ और चेहरे पर गहरे जख्म हैं। डॉग ने पहले बालिका के पैर पर काटा, फिर हाथ पर हमला किया और



उसके बाद मुंह, होंठ, जबड़े और चेहरे पर गहरे जख्म कर दिए। डॉग बालिका को मुंह में दबाकर खींचने लगा और उसे ले जाने की कोशिश करने लगा। बालिका की चीखें सुनकर पड़ोसी और उसके परिवार वाले दौड़े आए और डॉग पर डंडे से वार किया, जिसके बाद डॉग बालिका को छोड़कर भाग गया। इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई है। लोग अपने बच्चों को घर से बाहर नहीं निकाल रहे हैं। लोगों का कहना है कि शहर में आवारा डॉग्स का आतंक बढ़ता जा रहा है और प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

# कोटा में पुलवामा शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि, महावीर नगर में निकाला गया कैंडल मार्च

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कोटा में पुलवामा हमले में शहीद जवानों को याद किया गया और शहर में कैंडल मार्च निकाला गया। यह आयोजन महावीर नगर मित्र मंडल के साहिल वर्मा द्वारा किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी।

साहिल वर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जो शहीद देश के लिए अपने प्राणों को निछावर कर दिया, उनके लिए सभी युवा शक्ति को अधिक से अधिक संख्या में शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि देनी चाहिए, जिससे देशभक्ति




की एक जज्बा हर नागरिक और देशवासी में देखने को मिले।

पूर्व पार्षद संजय यादव ने कहा कि जिस प्रकार शहीदों की निर्मम हत्या की गई, उसे देश नहीं भूलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार को ध्यान रखना चाहिए था कि 3.50 किलो आरडीएक्स वहां पहुंचा तो कैसे पहुंचा, इसकी गंभीर जांच होनी चाहिए थी। 6 साल हो गए इस बात को बीते हुए, पर आज तक सरकार का कोई स्पष्टीकरण नहीं आया है।

इस कैंडल मार्च का उद्देश्य शहीद जवानों की शहादत को याद करना और उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करना था। आयोजन में शामिल लोगों ने भारत माता की जय और शहीद जवान अमर रहे के नारे लगाए।

कार्यक्रम में शामिल हुए युवा शुभम, रूप बना आर्यन मीना, रचित नवीन नायक, आशिष खटिक, हनि मेहरा, पपला पंडित आदि कई संख्या में युवा उपस्थित रहे।

# भरतपुर के 293 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में घना ऑन फुट दौड़ प्रतियोगिता आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर, ( घनश्याम अवस्थी )।** लोहागढ़ विकास परिषद एवं जिला प्रशासन भरतपुर के संयुक्त तत्वावधान में मनाए जा रहे भरतपुर के 293 वें स्थापना दिवस के सात दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में एक्सप्लोर घना ऑन फुट दौड़ प्रतियोगिता के संयोजक एडीएम सिटी भरतपुर राहुल सैनी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में शहर के 500 युवाओं ने भाग लिया जिसे जिला कलक्टर कमर उल जमान चौधरी ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। गंभीर सिंह डिप्टी फिजिकल के मार्गदर्शन में इस दौड़ का संचालन कर रहे शारीरिक शिक्षक अजय फौजदार एवं डॉ संदीप देशवाल ने बताया कि पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान पर सचिन द्वितीय स्थान पर आकाश तथा तृतीय स्थान पर कुलदीप रहे इसी तरह महिला वर्ग में रानी चौधरी प्रथम,रीना द्वितीय तथा शिवानी तृतीय स्थान पर रहे।

लोहागढ़ विकास परिषद के मीडिया प्रभारी नरेंद्र निर्मल ने




बताया कि सभी विजेताओं को टाइटन शो रूम हीरादास के सौजन्य से टाइटन स्मार्ट वॉच, केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान घना के सौजन्य से जैकेट,कैप एवं बैग प्रदान किए गए। लोहागढ़ विकास परिषद के जिला समन्वयक योगेश शर्मा ने बताया कि इस दस किलीमीटर दौड़ में एडीएम सिटी राहुल सैनी,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज यादव, आईपीएस, संयुक्त निदेशक पर्यटन संजय जौहरी के साथ अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने भी दस किलोमीटर की दौड़ बच्चों के साथ पूरी की। दौड़ पूरा करने वाले सभी प्रतिभागियों का भरतपुर स्थापना दिवस संयोजक अनुराग गर्ग एवं जाट महासभा के जिलाध्यक्ष डॉ. प्रेम सिंह कुंतल ने मेडल पहना कर उत्साह वर्धन किया।बैंकों के सौजन्य से सभी को कैप एवं टी शर्ट भी प्रदान किये गए। इस अवसर पर डीएफओ चेतन कुमार,नगर निगम आयुक्त श्रवण कुमार विश्नोई, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सुरेन्द्र गोपालिया ,मनोज तिवारी,आलोक बंसल,कृष्णलाल सिंह हीरेंद्र सिंह,तेजवीर सिंह बाबा एदल सिंह,कपिल बंसल आदि के साथ बड़ी संख्या में नागरिको ने भागीदारी की। कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रातः दस बजे हरित बृज सोसायटी के संयोजन में विश्वप्रिय शास्त्री पार्क में जिला कलक्टर कमर चौधरी के मुख्य आतिथ्य, महेंद्र सिंह मग्गो की अध्यक्षता, एडीएम प्रशासन घनश्याम शर्मा, एडीएम सिटी राहुल सैनी तथा अनुराग गर्ग के विशिष्ट आतिथ्य में भव्य मेगा फ्लावर शो का उद्घाटन हुआ। सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. अशोक पाराशर ने बताया कि इस फ्लावर शो अलग अलग किस्मों के लगभग आठ हजार पौधों को प्रदर्शित किया जा रहा है जिसमें अडेनियम अरेबिकम, ओवेशम कैक्टस की तीन सौ से अधिक किस्म जिनमें एरिजोना,मेक्सिको, गोल्डन सिल्वर एवं ब्लू किस्म, टोपियरी, लिथोयस, ट्रे गार्डन, कोनोफइट, मेडिसिनल प्लांट, बोगनविलिया थाईलैंड तथा बैंगलोर, सीजनल की पैसठ किस्में प्रदर्शन के लिए रखी है। सोसाइटी उपाध्यक्ष विष्णु शर्मा ने बताया कि इस प्रदर्शनी एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन द्वारा निर्मित मोरिंगा के उत्पाद, लोहागढ़ ऑर्गेनिक फॉर्म हाउस के उत्पाद भी रखे गए हैं। इसके अतिरिक्त बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता,भजन संध्या आदि के कार्यक्रम भी होंगे।

## समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान पर अमित कुमार कर्दम को डॉक्टरेट अवॉर्ड से सम्मानित




बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर, ( घनश्याम अवस्थी )।** समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए मैजिक बुक ऑफरिकॉर्ड आट्र्स यूनिवर्सिटी, दिल्ली द्वारा नारायण हरि सेवा संस्थान, भरतपुर के अध्यक्ष अमित कुमार कर्दम को डॉ. अवॉर्ड (मानद उपाधि) से सम्मानित किया गया। इस सम्मान के पश्चात वे अब डॉ. अमित कुमार कर्दम के नाम से जाने जाएंगे। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध अभिनेता, निर्देशक एवं डिजिटल क्रिएटर मनोज भाटिया (मुंबई) उपस्थित रहे। उन्होंने हिंदी सिनेमा में ठपह ठतवजीमत, ए'उ त्वीदप एवं न्ग् ज्ञलं श्रंकवव डवींइइंज भ्ंप जैसी फिल्मों में अपने अभिनय एवं निर्देशन से पहचान बनाई है।

डॉ. अमित कुमार कर्दम के नेतृत्व में नारायण हरि सेवा संस्थान द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद बच्चियों के लिए कम खर्च में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित कर समाजसेवा की एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की गई है। इन आयोजनों से अनेक जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक एवं सामाजिक संबल प्राप्त हुआ है। संस्थान द्वारा समय-समय पर समाजसेवा, जनकल्याण, स्वास्थ्य जागरूकता एवं जरूरतमंदों की सहायता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते रहे हैं, जिनका समाज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। सम्मान प्राप्त करने पर डॉ. अमित कुमार कर्दम ने कहा कि यह मानद उपाधि उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है और वे भविष्य में भी पूरे समर्पण भाव से समाजसेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाते रहेंगे। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय संस्थान से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों को दिया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य नागरिकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने डॉ. अमित कुमार कर्दम को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

## पुलवामा हमले के शहीदों को पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर, ( घनश्याम अवस्थी )।** शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भरतपुर द्वारा शहर ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. दयाचंद पचौरी के नेतृत्व में 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद वीर जवानों की याद में शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भरतपुर के सदस्यों द्वारा किला स्थित शहीद स्मारक पर पहुँचकर पुष्प अर्पित कर एवं मोमबत्ती जलाकर सादर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर शहर ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. दयाचंद पचौरी, महासचिव इं. जीवनलाल शर्मा, चन्द्रकांत शर्मा ठेकेदार, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शहीद खान, अमित गोरावर, लवकुश, अर्जुन सिंह सूबेदार, उपेन्द्र चंदेला, दिगम्बर खटाना, सुरेश पदयात्री, डॉ. लोकपाल सिंह, प्रेमसिंह प्रजापत, मनोज शर्मा पिक्चर पैलेस, नरेश लवानियां, अवधेश शर्मा, वीरेन्द्र नागर, चन्द्रभान फौजदार, नदीम मलिक आदि उपस्थित रहे।

## सुमेधा फौजदार स्वर्ण पदक से सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर, ( घनश्याम अवस्थी )।** चंडीगढ़ के सेक्टर-42 स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित अखिल भारतीय सिविल सेवा एआईसीएस कबड्डी टूर्नामेंट 2025-26 में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जीएसएसएस गुंडवा भरतपुर में कार्यरत शारीरिक शिक्षिका सुमेधा फौजदार ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। 9 से 14 फरवरी तक चले इस टूर्नामेंट में देशभर के विभिन्न राज्यों के सचिवालयों और क्षेत्रीय खेल बोर्डों आरएसबी की 19 महिला टीमों ने भाग लिया था।राजस्थान सचिवालय की टीम की ओर से खेलते हुए उन्होंने टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में अपनी टीम को जीत दिलाकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

## 200 पीपा देशी घी से 100 हलवाइयों द्वारा तैयार की गई केसर की खीर , पुआ ,सब्जी और अन्य व्यंजनबढ़ता राजस्थान

### जटेरी धाम में भंडारे में उमड़ा भक्तों का सैलाब,करीब 25 हजार श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** ब्रज अंचल के प्रसिद्ध श्री जटेरी धाम में आयोजित श्री निकुंज विलास रस महोत्सव एवं श्रीमद्भगवद् रस चर्चा का समापन श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव के भव्य वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रात:काल श्री राधा कुंज बिहारी लाल जी महाराज की महंत विपिन बिहारी दास के सानिध्य में की गई मंगलमय मंगला श्रृंगार आरती के साथ कार्यक्रमों की विधिवत शुरुआत की गई। इसके उपरांत श्री ठाकुर जी को बाल भोग अर्पित किया गया तथा उपस्थित श्रद्धालु भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

इसके उपरांत श्री जटेरी धाम में विशाल महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया। यह भंडारा महंत विपिन बिहारी दास महाराज के सानिध्य में आयोजित हुआ।

भंडारे में 200 पीपा शुद्ध देसी घी से निर्मित केसर की खीर , पुआ , सब्जी प्रसाद सहित अनेक प्रकार के पारंपरिक व्यंजन परोसे गए , जिनका सर्व प्रथम श्री राधा कुंज बिहारी लाल जी सरकार को भोग अर्पित किया गया। भंडारे की शुरुआत कुंज बिहारी श्री हरिदास के जयकारों तथा राधे-राधे के सामूहिक उद्घोष के साथ की गई, जिससे संपूर्ण धाम भक्तिरस में सराबोर हो उठा।

इस अवसर पर कथा पंडाल को विशाल प्रसाद शाला के रूप में परिवर्तित किया गया।



श्रद्धालुओं को पंगत में बैठाकर विधिवत पत्तल और दोने में प्रसाद परोसा गया। स्वयं महंत विपिन बिहारी दास महाराज ने सेवा भाव का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए भक्तों के बीच जाकर विभिन्न पकवानों की थाली लेकर प्रसाद वितरण किया। आयोजकों के अनुसार इस विशाल महाप्रसाद भंडारे में लगभग पच्चीस से तीस हजार श्रद्धालु भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति के बावजूद व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहीं, जिससे सभी भक्तों ने शांतिपूर्वक प्रसाद प्राप्त किया।

महंत विपिन बिहारी दास महाराज ने श्री निकुंज विलास रस महोत्सव एवं श्रीमद्भगवद् रस चर्चा के सफल एवं सुखद आयोजन में सहयोग देने वाले समस्त कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## 25 राष्ट्रों के राष्ट्रध्वजों के सानिध्य में भुसावर के अधिवक्ता इंजी.नरेन्द्र कुमार पांडेय एडवोकेट ष्बेरी गौरव अवार्ड से सम्मानित होंगे

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर, ( घनश्याम अवस्थी )।** भुसावर- राजस्थान उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री भगवती प्रसाद बेरी की 113वीं जयन्ति के अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच के तत्वावधान में दिनांक 22-फरवरी-2026 को प्रात: 10रू30 बजे जयपुर विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी कार्यालय भवन शास्त्रीनगर के सांईस पार्क आडीटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में इंजी.नरेन्द्र कुमार पांडेय एडवोकेट जो स्व. श्री शिवदत्त पांडेय थानेदार मेमोरियल भुसावर के संयोजक भी हैं को ष्बेरी गौरव अवार्डष् से सम्मानित किया जावेगा इंजी.नरेन्द्र कुमार पांडेय एडवोकेट वर्तमान में मुन्सिफन्यायालय भुसावर में अपनी प्रेक्टिस कर रहे हैं बेरी गौरव अवार्ड के लिये श्री पांडेय का चयन अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच की चयन समिति द्वारा समस्त राजस्थान के अधिवक्ताओ में से 51अधिवक्ताओं का उनके द्वारा न्यायिक, सामाजिक शैक्षणिक और राष्ट्रहित में किये गये कार्यों में उल्लेखनीय योगदान का अवलोकन करने पर किया गया है अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच के संयोजक डॉ कुलदीप शर्मा एडवोकेट ईस्ट वेस्ट ला फर्म नेपाल ने बताया कि यह मंच 25 वर्षों से अनवरत कार्यरत है माननीय मुख्य न्यायाधीश श्री भगवती प्रसाद बेरी इस मंच के संस्थापक हैं इन्होने नेपाल के प्रथम उपराष्ट्रपति न्यायाधीश श्री परमानन्द झा तथा इनके मुख्य सलाहकार विश्वरत्न स्व. महावीर प्रसाद टोरडी के साथ मिलकर भारत की शक्ति, भारत की प्रतिष्ठा,भारत के पंचशील सिद्धान्त, भारत-नेपाल की वैदिक एवं सांस्कृतिक समन्वय का पुर्नउत्थान करना, आयोध्या में संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्यालय स्थापित हो, भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ में वीटो पावर के साथ स्थाई सदस्यता मिले, वसुधैव कुटुम्बकम, विश्व बन्धुत्व एकामेह इत्यादि उद्देश्य को लेकर अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच की स्थापना की थी यह मंच अपने उद्देश्यों की पूर्ति हेतु अनवरत कार्यरत है।

## जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में रोगियों को मिल सकेगा मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना का लाभ

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर, ( घनश्याम अवस्थी )।** आमजन को नि:शुल्क चिकित्सा उपलब्ध कराए जाने हेतु सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना ड।। का लाभ रोगियों को नि:शुल्क राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना में शामिल रोगियों को मिल



सकेगा। प्रधान चिकित्सक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित ने बताया कि सरकार द्वारा जिला आयुर्वेद चिकित्सालय को मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना में शामिल किया गया है जिसमें विभिन्न रोगों के उपचार हेतु पंचकर्म सहित 20 से अधिक प्रोसीजर शामिल किए गए हैं ।जिनमें वातज रोग ग्रीवा स्तम्भ, कटिशूल, कटिग्रह, ग्रध्रसी साइटिका, अवबाहुक, विश्वाचि, पक्षाघात, संधिवात, सर्वांग वात, अर्दित, आमवात कम्पवात आदि रोगों के साथ साथ श्वास रोग, कास, शिरशूल, माइग्रेन, सूर्यावर्त, नेत्ररोग जिनमें दृष्टि दोष, नेत्राभिष्यन्दि,शुष्काकिपाक, महिलाओं में होने वाले कष्टार्तव, कृच्छार्तव, अत्यार्तव, योनिरोग, श्वेत प्रदर, एवं मूत्रविकार, पथरी ,अर्श, भगंदर, परिकर्तिका, नाड़ी व्रण, विशर्प ,ग्रंथि अर्बुद, चर्मरोगों में सोरायसिस ,मंडलकुष्ठ, आदि रोगों की चिकित्सा अंतरंग आतुरालय में भर्ती कर 20 से अधिक प्रोसीजर्स द्वारा उपचार किया जाना शामिल है। उन्होंने बताया कि भर्ती रोगियों को नि:शुल्क रहने की सुविधा के साथ साथ पथ्य में शामिल आहार भी नि:शुल्क मिल सकेगा। मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना का लाभ उन्हीं रोगियों को मिल सकेगा जिनका पंजीकरण इस योजना में किया है। उपचार के समय जनाधार कार्ड लाया जाना आवश्यक है।

## व्यापारी से 50-लाख की बजाय 3.50 करोड़ मांगे, 4 गिरफ्तार: घर और दुकान पर जाकर हाथ-पैर तोड़ने की धमकी दी थी

### 4 आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने कोर्ट में पेश किया

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर, ( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर में दो व्यापारियों में पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। एक व्यापारी ने दूसरे व्यापारी के हाथ पैर तोड़ने की धमकी दी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी व्यापारी समेत कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

पैसों के लेन-देन को लेकर हुआ विवाद

कोतवाली थाना पुलिस के अनुसार- 12 फरवरी को उमाशंकर निवासी मुखर्जी नगर ने थाने में रिपोर्ट दी थी। इसमें बताया कि मेरा गेहूं का व्यापार है। दामोदर लाल सतीश चंद फर्म के मालिक सतीश चंद से उनका लेनदेन है। उन्हें सतीश चंद को गेहूं का बकाया 40 से 50 लाख रुपए देना था। किसी कारणवश वे सतीश को पैसे नहीं दे पाए।

एक फरवरी को उमाशंकर के पास सतीश चंद का फोन आया।



सतीश ने फोन पर धमकाते हुए कहा कि मैं तेरे मथुरा वाले घर पर आया हुआ हूं। करीब 10 लोग घर के बाहर खड़े थे।

घबराए उमाशंकर ने सतीश से कहा कि मैं आपसे कुम्हेर गेट स्थित अपनी गेहूं की आढ़त(दुकान) पर मिलता हूं। 1 फरवरी को सतीश अपने साथियों के साथ उमाशंकर की आढ़त पर पहुंचा। उन्होंने उमाशंकर को उसकी दुकान के अंदर बैठा दिया। सतीश के साथ हुए लोग उमाशंकर को धमकाने लगे कि तुम्हें सतीश का कितना पैसा देना है।

उमाशंकर का आरोप है कि सतीश और उसके साथ आए लोगों ने बताया कि सतीश के 40 से 50 लाख रुपए को 2 साल हो गए है, ऐसे में 5 प्रतिशत ब्याज के हिसाब अब वह बढ़कर 3 करोड़ 50 लाख रुपए हो गए। जवाब में उमाशंकर ने कहा कि मेरी स्थिति खराब है, मैं ब्याज नहीं दे पाऊंगा। मैं मूल रकम दे दूंगा।

लेकिन सतीश के साथ आए लोगों ने उमाशंकर को एक सप्ताह में पैसे देने का समय मांगा और कहा कि अगर एक सप्ताह में पैसे नहीं आए तो वह उमाशंकर को उठा लेंगे और वह घर पर रेंगता हुआ जाएगा। उसमें से एक व्यक्ति ने बताया की तू मुझे नहीं जानता मुझे अरुण फौजी कहते हैं। मेरे बारे में सोशल मीडिया पर पढ़ लेना।

आज कोर्ट में पेश किए गए आरोपी

थ्प् दर्ज होने के बाद कोतवाली थाना पुलिस ने चार आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया, जिन्हें आज कोर्ट में पेश किया गया। मामले में कोतवाली थाना अधिकारी हरलाल का कहना है कि फिलहाल जांच चल रही है।

## भाजपा ओबीसी मोर्चा का केंद्रीय बजट श्रमिक संवाद संपन्न'

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर, ( घनश्याम अवस्थी )।** भारतीय जनता पार्टी के जिला ओबीसी मोर्चा द्वारा भाजपा जिला कार्यालय भरतपुर पर केंद्रीय बजट को लेकर श्रमिक संवाद का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सुनील यादव रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा रही। संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा के जिलाध्यक्ष भाजपा रमन धाकड़ ने की। संवाद कार्यक्रम प्रारंभ से पहले पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर की गई । संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनील यादव ने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर चर्चा करते हुए कहा की मोदी सरकार ने केंद्रीय बजट में श्रमिक वर्ग के लिए अनेक सौगातें दी है। जो श्रमिक वर्ग के लिए कल्याणकारी साबित होगी इसलिए संपूर्ण श्रमिक वर्ग को केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए मोदी सरकार द्वारा किसानों महिलाओं व्यापारियों और युवा वर्ग के उत्थान के लिए बजट में अनेक प्रावधान



दिए गए हैं जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा ने कहा कि मोदी सरकार पिछड़े वर्ग के हितों के लिए अत्यंत संवेदनशील है ।ओबीसी वर्ग भाजपा की सबसे मजबूत धुरी है और केंद्र सरकार ने बजट में इस वर्ग के उत्थान के लिए जो कदम उठाए हैं, वे ऐतिहासिक हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की नीतियों पर चलते हुए पूरी निष्ठा से कार्य करने का आहवान किया । संवाद कार्यक्रम का संचालन मोर्चो जिला महामंत्री चिन्तेश्वर सरपंच ने किया। इस अवसर पर मोर्चो जिला प्रभारी संजीव वर्मा, सहप्रभारी गुरुदेव, पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज, पूर्व मंत्री घनश्याम धाकड़, जिला महामंत्री जगत गुर्जर, जिला मंत्री महावीर डागुर, कार्यालय सह प्रभारी वीरेंद्र गुर्जर,जिला महामंत्री राजवीर घासोला, जिला उपाध्यक्ष लाखन सिंह एवं देवेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष गंगा सिंह धाकड़ मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिकरौदा, गुड्डू, रामगोपाल सिकरौदा, महेंद्र प्रजापत, मुकेश प्रजापत, धर्मेंद्र भातरा, पुष्पेंद्र, रजनी देवी जाटव , अनामिका चौधरी, जसवंत, गम्भीर, देवेन्द्र, राहुल, चंद्रशेखर, उत्तम प्रजापत,सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विधानसभा में गूंजा भीलवाड़ा रोडवेज डिपो के आधुनिकीकरण का मुद्दा लग्जरी व सेमी-लग्जरी बसों की संख्या पर मांगा वर्षवार विवरण

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )।** अशोक कुमार कोठारी ने राजस्थान विधानसभा में राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की कार्यप्रणाली, बसों की उपलब्धता तथा भीलवाड़ा रोडवेज डिपो के आधुनिकीकरण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सरकार से संबंधित घोषणाओं और वर्तमान स्थिति पर विस्तृत जवाब मांगा।

विधायक कोठारी ने सदन में कहा कि भीलवाड़ा से प्रतिदिन 25 हजार से अधिक यात्री यात्रा करते हैं, किंतु रोडवेज बसों में पर्याप्त सुविधाओं के अभाव में यात्रियों का रुझान निजी वीडियो कोच एवं वातानुकूलित बसों की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने बजट वर्ष 2024-25 में जिला मुख्यालय स्थित रोडवेज बस



डिपो को आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाने की घोषणा का हवाला देते हुए कहा कि प्रदेश के 10 डिपो चयनित किए गए थे, लेकिन दो वर्ष बीत जाने के बाद भी भीलवाड़ा बस स्टैंड में अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं दे रहा है।

उन्होंने परिवहन मंत्री से पूछा कि अब तक आधुनिकीकरण के तहत क्या-क्या कार्य किए गए हैं और उनकी प्रगति क्या है। कोठारी ने मार्च 2020 में भीलवाड़ा रोडवेज डिपो में उपलब्ध बसों की संख्या तथा दिसंबर 2025 तक की स्थिति का वर्षवार और श्रेणीवार (लग्जरी व नॉन-लग्जरी) विवरण भी सदन की मेज पर रखने की मांग की। साथ ही वर्तमान में संचालित कुल बसों की संख्या की जानकारी भी मांगी।

विधायक ने यह भी प्रश्न किया कि वर्ष 2019 से अब तक क्या सरकार ने अत्याधुनिक वॉल्वो एवं अन्य वातानुकूलित लग्जरी बसों की खरीद की है? यदि हां, तो कितनी बसें खरीदी गईं और किन-किन डिपो को आवंटित की गईं—इसका पूर्ण विवरण प्रस्तुत किया जाए।

इसके अतिरिक्त, उन्होंने वर्ष 2020-21 से 2025-26 तक प्रदेश में आमजन को सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने हेतु उपलब्ध कराई गई नई बसों का जिलेवार ब्यौरा भी मांगा।


कोठारी ने कहा कि औद्योगिक और व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण भीलवाड़ा शहर में आधुनिक बस स्टैंड और पर्याप्त लग्जरी व सेमी-लग्जरी बसों की व्यवस्था समय की आवश्यकता है। उन्होंने सरकार से शीघ्र ठोस कदम उठाने की मांग की, ताकि यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित और सुविधाजनक परिवहन सेवा मिल सके।

## जजावर में सी सी सड़क निर्माण का मामला

# खातेदारी की भूमि पर भी सड़क निर्माण, खातेदार ने कलेक्टर से की शिकायत

बढ़ता राजस्थान





**जजावर (पदम शाह)।** स्थानीय ग्राम पंचायत द्वारा रेगरो के बरडे पर स्तिथ बाबा रामदेव मंदिर के पास खातेदारी जमीन पर सीसी सड़क का निर्माण करा दिए जाने का मामला कलेक्टर एवं सीईओ के पास गया है। जानकारी के अनुसार इस मौहल्ले मे ग्राम पंचायत द्वारा हाल ही मे बाबा रामदेव मंदिर के चौक सहित मंदिर के पीछे के रास्ते पर सीसी सड़क का निर्माण करवाया गया था जिसमें निर्माण के दौरान कुछ हिस्सा खातेदारी की जमीन खसरा संख्या 3216 का भी शामिल कर लिया यह मामला जब उजागर हुआ जब खातेदारो ने इस मामले की शिकायत कलेक्टर एवं सीईओ को सड़क निर्माण कार्य बंद होने के बाद की । पीडित खातेदारों ने कलेक्टर को दिए गए ज्ञापन में बताया की खसरा संख्या 3216 राजस्व रिकॉर्ड मे देवलाल,हेमराज, कनैयालाल पिसरान बजरंगलाल रैगर के नाम दर्ज है 9-10 फरवरी को हम दो भाई शादी मे गए हुए थे एवं घर पर एक भाई हेमराज ही था । इस दौरान पंचायत वालों ने सड़क निर्माण कार्य शुरु कर आनन फानन मे हमारी गैर हाजिरी मे कार्य निबटा लिया।

ज्ञापन के अनुसार मौके पर भाई हेमराज ने विरोध भी किया लेकिन उसकी बात पर कोई गौर नही किया एवं उसके साथ गाली गलोच करने लग गए। पीड़ितों द्वारा इस सारे मामले की रिपोर्ट कलेक्टर को देते हुए सड़क निर्माण मे काम आई जमीन का मुआवजा देने एवं इस सड़क का सारा भुगतान रोकने की मांग की गई है।

### इनका कहना

ग्रामीणो की मांग पर इस सीसी सड़क का निर्माण करवाया गया था उस दौरान मौके पर किसी भी व्यक्ति ने विरोध नही किया । सड़क निर्माण में खातेदारी जमीन का हिस्सा आ गया हो तो उसकी जानकारी नही है।

अली असगर ,
ग्राम विकास अधिकारी जजावर

# स्टेपिंग स्टोन्स स्कूल की उप-प्राचार्य डॉ. मोनिका सिहाग को पीएच.डी. की उपाधि

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** टांटिया यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह में स्टेपिंग स्टोन्स स्कूल रिड़मलसर की उप-प्राचार्य डॉ. मोनिका सिहाग मील को पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने राजेंद्र गोदारा के मार्गदर्शन में उच्च माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों के आत्मविश्वास के संबंध में भावनात्मक बुद्धिमत्ता और सामाजिक बुद्धिमत्ता का तुलनात्मक अध्ययन विषय पर शोध कार्य पूर्ण किया। उनके इस शोध को शिक्षा जगत में एक अहम योगदान माना जा रहा है, जिसमें विद्यार्थियों के आत्मविश्वास पर भावनात्मक और सामाजिक बुद्धिमत्ता के प्रभावों का गहन विश्लेषण किया गया है।

इस उपलब्धि पर विद्यालय निदेशक विकास शर्मा और प्राचार्या अर्शदीप कौर ने डॉ. सिहाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता न केवल विद्यालय, बल्कि समूचे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। इस पर मोनिका सीहाग ने बताया कि मेरी तरह ही मेरे सभी शुभचिंतकों के बच्चो, विद्यार्थी हमेशा पढ़ाई करके मेरी तरह ही नाम ऊंचा करें यही मेरी सभी शुभचिंतकों से उम्मीद है विद्यालय परिवार एवं प्रबंधन समिति ने भी उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जूही मोनिका सियार का अपने निजी स्कूलों में सूचना मिली तो बच्चों को बिठाना बांटी गई।



# ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन के तत्वावधान में आयोजित विशेष लोक अदालत में 31 लाख 5 हजार रु. की हुई रिकवरी



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** क्षेत्रीय ताल्लुका विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में द्वितीय शनिवार को विशेष लोक अदालत का आयोजन कर प्रकरणों का आपसी समझाईश के साथ निस्तारण किया गया। जानकारी अनुसार ताल्लुका विधिक सेवा समिति, कपासन के तत्वावधान में द्वितीय शनिवार को एसबीआई एवं आईडीबीआई विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया।जिसमे ताल्लुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश कपासन डॉ. महेन्द्र सोलंकी की अध्यक्षता में गठित न्यायपीठ में एसबीआई बैंक कपासन, भूपालसागर एवं आकोला ब्रांच के प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों में राजीनामे से 31 लाख 5 हजार रू. की रिकवरी तथा 50 प्रतिशत की भारी छूट के साथ राजीनामा से प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों का निस्तारण किया गया। ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन सचिव देव तिवारी ने बताया कि इस अवसर पर विशेष लोक अदालत न्यायपीठ के सदस्य अधिवक्ता सुरेश कुमार बापना,एसबीआई बैंक शाखा कपासन प्रबंधक अमर सिंह मीणा,भूपालसागर शाखा प्रबंधक मुकेश खटीक एवं आकोला शाखा प्रबंधक अर्जुन मीणा,कार्मिक सुनिल जांगिड,सोहन पूर्बिया,स्वयंसेवक ऋषि भट्ट, कमलेश बारेगामा,बैंक का कार्मिक मनोज गुर्जर सहित पक्षकारगण उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन के तत्वावधान में द्वितीय शनिवार को आयोजित विशेष लोक अदालत में प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों का निस्तारण आपसी सुलह एवं समझाईश के साथ कराया गया।जिससे पक्षकारान के मध्य भाईचारा व सौहार्दपूर्ण वातावरण सदैव बना रहे।

# चंद्र प्रकाश पिंडीयार बने ब्यावर ओबीसी ब्लॉक अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में उत्साह

## साहू सेना ने कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ की नई कार्यकारिणी का किया गर्मजोशी से स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** ब्यावर शहर में कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ की नई कार्यकारिणी के गठन के बाद राजनीतिक व सामाजिक हलकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। शुक्रवार को कांग्रेस ओबीसी प्रदेश नेतृत्व एवं जिला संगठन द्वारा कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें चंद्र प्रकाश साहू (चंदू पिंडीयार) को ब्यावर ओबीसी ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

नई जिम्मेदारी मिलने पर चंद्र प्रकाश पिंडीयार सहित पदाधिकारियों का साहू सेना द्वारा माला व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान सुरेश किशोदनिया को ओबीसी ब्लॉक उपाध्यक्ष बनाए जाने पर भी कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई कार्यक्रम में कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला पदाधिकारी, समाजसेवी एवं साहू समाज के कई प्रतिनिधि मौजूद रहे। वक्ताओं ने नई कार्यकारिणी से संगठन को मजबूत करने, पिछड़े वर्गों की आवाज बुलंद करने और जनहित के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई इस अवसर पर साहू समाज एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नव-नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

# मायरे में सोने की मांग पर विवाद, महिला व बेटे पर जानलेवा हमला

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )।** मायरे में अधिक सोने की मांग को लेकर एक महिला व उसके बेटे पर कथित रूप से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। 100 फीट रोड निवासी नीरू गुर्जर ने पुलिस अधीक्षक को परिवाद देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। परिवाद के अनुसार उनकी ननद के ससुराल पक्ष ने नाबालिग बच्चों के विवाह पर मायरे में पांच तोला सोना देने की मांग की। विरोध स्वरूप परिवादिया ने एक तोला सोना, नकद राशि व कपड़े दिए। आरोप है कि कम सोना देने की बात कहकर 12-13 फरवरी की रात बुलाया गया, जहां आरोपियों ने हमला कर उनके सिर पर वार किया, जिससे फ्रैक्चर हुआ। बीच-बचाव में आए बेटे को भी चोटें आईं। महिला ने आभूषण तोड़ने, अभद्रता, वाहन में तोड़फोड़ और आग लगाने के प्रयास का आरोप लगाया है। पुलिस पर कार्रवाई न करने का भी आरोप है। मामले की जांच जारी है।

# विशेष लोक अदालत से मिली राहत: बैंक प्रकरणों का त्वरित निस्तारण

## तालुका स्तर पर आयोजित लोक अदालत में आपसी समझाइश से सुलझे वाद-पूर्व मामले

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर( अनिल सिखवाल )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार शनिवार को जिला एवं सेशन न्यायालय परिसर, ब्यावर में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसके साथ ही तालुका स्तर पर बिजयनगर, जैतारण और बर में भी लोक अदालत आयोजित हुई इस लोक अदालत का उद्देश्य भारतीय स्टेट बैंक एवं आईडीबीआई बैंक से जुड़े प्री-लिटिगेशन (वाद-पूर्व) प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करना रहा। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारी प्रवीण शंकर एवं




अधिवक्ता सदस्य जय प्रकाश जांगिड़ की मौजूदगी में पक्षकारों और बैंक प्रतिनिधियों के बीच आपसी समझाइश से मामलों को सुलझाया गया बैंक प्रबंधन की ओर से अरुण राव, जिज्ञासा शर्मा और सुनीता चौहान ने सक्रिय भागीदारी निभाई। लोक अदालत के माध्यम से लंबित विवादों के समाधान से पक्षकारों को राहत मिली और न्यायिक प्रक्रिया को सरल व सुलभ बनाने की दिशा में सकारात्मक पहल मानी जा रही है।

# सीएमएचओ डॉ. शर्मा का शाहपुरा जिला चिकित्सालय में औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने जिला चिकित्सालय शाहपुरा का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने रामाश्रय वार्ड, मदर लैब, ऑक्सीजन प्लांट तथा नवनिर्मित ट्रॉमा सेंटर का निरीक्षण कर चिकित्सा सुविधाओं, स्वच्छता एवं मरीजों को दी जा रही सेवाओं की समीक्षा की।

सीएमएचओ ने वार्ड में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उपचार व्यवस्था की जानकारी ली तथा स्टाफ को संवेदनशील व्यवहार के निर्देश दिए। मदर लैब में जांच प्रक्रिया, उपकरणों की कार्यक्षमता और रिपोर्टिंग व्यवस्था को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण रखने पर जोर दिया। ऑक्सीजन प्लांट की नियमित मॉनिटरिंग और मशीनों के रखरखाव के निर्देश भी दिए। ट्रॉमा सेंटर में आपात सेवाओं की तत्परता और उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक जैन सहित अन्य चिकित्सक व स्वास्थ्य कार्मिक उपस्थित रहे।

# मानस अभियान 2.0 के तहत पीएम श्री राउमावि रावतसर में ब्लॉक स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का समापन

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** मानस अभियान 2.0 के तहत शनिवार को पीएम श्री राउमावि रावतसर में दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन मुख्य अतिथि सीबीईओ हरिश्चंद्र बैनीवाल और विशीष्ट अतिथि सत्यदेव राठौड़ युसीईईओ द्वारा विजेता और उपविजेता टीमों को पारितोषिक देकर किया गया। सीबीईओ हरिश्चंद्र बैनीवाल ने नशे के खिलाफ मुहिम में खेल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मानस खेल प्रतियोगिताओं में इसी प्रकार बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए समस्त शारीरिक शिक्षकों एवं टीम प्रभारीयों को धन्यवाद दिया। युसीईईओ सत्यदेव राठौड़ ने युवा वर्ग को समाज की रीड बताया और नशे के खिलाफ लड़ाई में सबसे मजबूत कड़ी बनकर इस मुहिम को सफल बनाने में हर संभव प्रयास करने के लिए आग्रह किया तथा बताया कि खेल के माध्यम से नशे जैसी बुराई पर विजय पाई जा सकती है। वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक राजीव गोदारा ने जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में दस टीमों ने भाग लिया जिसमें संजीवनी इंटरनेशनल स्कूल ग्राम पंचायत 29 डीडब्ल्यूडी विजेता और पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ,नगर पालिका रावतसर उपविजेता रही तथा महिला वर्ग में चार टीमों ने भाग लिया जिसमें संजीवनी इंटरनेशनल स्कूल ग्राम पंचायत 29 डीडब्ल्यूडी विजेता तथा पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नगर पालिका रावतसर उप विजेता रही।

# महिला सशक्तिकरण और विकास का संकल्प: बजट 2026-27 से प्रदेश को नई दिशा

## कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत बोले-ब्यावर सहित नवगठित जिलों के समग्र विकास पर विशेष फोकस

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर( अनिल सिखवाल )।** राजस्थान बजट 2026-27 को महिला सशक्तिकरण और समग्र विकास का रोडमैप बताते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बजट की प्रमुख घोषणाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिला वित्त मंत्रियों द्वारा बजट प्रस्तुत किया जाना महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और सशक्तिकरण का प्रतीक है मंत्री गहलोत ने बताया कि नवगठित जिलों में मिनी सचिवालय, पंचायत समितियों व ग्राम पंचायतों में आधारभूत ढांचे के विकास पर हजारों करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। साथ ही एससी/एसटी वृत्त कार्यालय, मानव तस्करी विरोधी यूनिट्स और अभय कमांड सेंटर की स्थापना के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं।

ब्यावर जिले को लेकर उन्होंने




बताया कि राजकुमारी अमृतकौर जिला चिकित्सालय में आधारभूत ढांचे व सीवरेज कार्य हेतु 15 करोड़ रुपये, बड़ाखेड़ा-ब्यावर पीएचसी को सीएचसी में क्रमोन्नत करने, जवाजा क्षेत्र में जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार तथा खेल व सड़क विकास से जुड़े कई कार्य बजट में शामिल किए गए हैं। इसके अलावा सम्राट पृथ्वीराज चौहान खेल स्टेडियम का विकास, इंटीग्रेटेड सैनिक कॉम्प्लेक्स की स्थापना और सड़क सुदृढ़ीकरण योजनाएं भी प्रस्तावित हैं मंत्री ने कहा कि यह बजट विकसित राजस्थान और विकसित भारत की दिशा में दूरदर्शी कदम है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों ने जिले के विकास और प्रेस क्लब भवन को लेकर मांग रखी, जिस पर मंत्री ने सकारात्मक रुख जताया इस दौरान जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहे। वक्ताओं ने बजट को सर्वस्पर्शी और जनकल्याणकारी बताते हुए इसे प्रदेश के समग्र विकास का आधार बताया।

# अरिहंत हॉस्पिटल में छात्रा की मौत के बाद हालात तनावपूर्ण, 50 लाख की मांग

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )।** बीती रात अरिहंत हॉस्पिटल में इलाज के दौरान 18 वर्षीय छात्रा रवीना की मौत के बाद मामला लगातार गरमाता जा रहा था। परिजनों ने उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल प्रशासन के खिलाफ सख्त कार्रवाई और 50 लाख रुपये मुआवजे की मांग की है। जानकारी के अनुसार रवीना बड़लियास थाना क्षेत्र की निवासी थी और भीलवाड़ा में हॉस्टल में रहकर एक निजी कॉलेज में प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही थी।

पेट दर्द की शिकायत पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि देर रात अचानक उसकी हालत बिगड़ी और कुछ ही समय में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद बड़ी संख्या में परिजन अस्पताल परिसर में धरने पर बैठ गए।

# अनूपगढ़ में कैफे और फास्ट फूड आउटलेट्स पर पुलिस की सख्त कार्रवाई पर्दे हटवाए

## नाबालिगों के प्रवेश पर सख्त हिदायत, नगरपालिका को भी कार्यवाही हेतु कहा

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** .शहर में कानून-व्यवस्था और सामाजिक मर्यादा बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने शनिवार को मय जाब्ता एवं कालिका पेट्रोलिंग यूनिट के साथ संयुक्त रूप से शहर के प्रमुख फास्ट फूड आउटलेट्स और कैफे का औचक निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान पुलिस दल ने पिज्जा हट सहित अन्य कैफे का गहन निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ कैफे में बैठने की व्यवस्था के आसपास पर्दे व आड़ लगाई गई थी, जिससे अंदर की गतिविधियां स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं दे रही थीं। थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड ने मौके पर ही नगरपालिका की टीम को कार्रवाई के बुलाया और



नियमानुसार कार्रवाई करने केलिये कहा। जिसके बाद पुलिस तथा नगरपालिका टीम की तरफ से मौके पर ही ऐसे पर्दे और आड़ हटवाए, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय या संदिग्ध घटना की संभावना को रोका जा सके। इस दौरान संचालकों को सख्त निर्देश दिए गए कि वह नाबालिग लड़के-लड़कियों को बिना अभिभावक के कैफे के अंदर बैठने की अनुमति न दें। थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड ने कहा कि सामाजिक वातावरण की गरिमा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है और नियमों की अवहेलना पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस थानाधिकारी जांगिड ने मौके पर मौजूद नगरपालिका कार्मिकों को लाइसेंस, स्वच्छता, भवन विनियम और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

पुलिस प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि वह किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# 7 दिन बाद बेऊर जेल से बाहर निकले पप्पू यादव

### बोले- कारोबारी खेमका हत्याकांड में गलत एनकाउंटर हुआ, नीट छात्रा के लिए लड़ाई जारी रहेगी

बढ़ता राजस्थान

**पटना ( एजेंसी )।** पूर्णिया सांसद पप्पू यादव को शुक्रवार को कोर्ट ने तीन मामलों में बेल दे दी। शाम करीब 6 बजे वे बेऊर जेल से बाहर आ गए। कोर्ट ने जमानत देते हुए आदेश दिया कि जब भी मामले की सुनवाई होगी तो उन्हें सशरीर उपस्थित होना होगा। जेल से बाहर आने के बाद पप्पू यादव ने कहा, 'सच बोलना इतना तकलीफदेह होगा कि कोर्ट और थाने के चक्कर काटने पड़ेंगे। ये मुझे नहीं पता था। मुझे नहीं पता कि प्रशासन ने ऐसा क्यों किया। सरकार में एक दो लोग हैं जिन्होंने बदमाशी की है। ... एक दिल्ली के नेता, एक बिहार के नेता और एक पूर्णिया के नेता की ये साजिश थी। खेमका हत्याकांड में जो एनकाउंटर हुआ वो गलत बच्चे का हुआ। हमें वो गवाही मिल गई है। बच्चों को 4 बजे निकालकर गोली मारी गई। मैं हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक जाऊंगा और केस लड़ूंगा।

# बीकानेर में विधायक बोले- पीबीएम हॉस्पिटल में चल रही वसूली

### संविदा कर्मचारियों से हर महीने हजार रुपए तक ले रहे, यह नहीं चलेगा

बढ़ता राजस्थान

**बीकानेर।** बीकानेर पश्चिम के विधायक जेठानन्द व्यास ने पीबीएम गवर्नमेंट हॉस्पिटल में संविदा कर्मियों से अवैध वसूली करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पीबीएम हॉस्पिटल में ठेके पर कर्मचारी लगाने के नाम पर एक-एक लाख रुपए तक की वसूली की जा रही है। दावा किया कि नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से खुलेआम रकम मांगी जा रही है, जो सीधे तौर पर भ्रष्टाचार का बड़ा प्रमाण है। दरअसल, वे शनिवार की दोपहर हॉस्पिटल परिसर में भामाशाह परिवार की ओर से निर्मित कॉटेज के लोकार्पण कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान मंच पर पीबीएम हॉस्पिटल अधीक्षक भी मौजूद थे।

**500 की नियुक्ति बताकर 200 ही लगाए**

विधायक ने संविदा कर्मचारियों की भर्ती करने वाली निजी फर्मों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा- पीबीएम में 500 कर्मचारियों की नियुक्ति बताकर केवल 200 लोगों को ही लगाया गया, जबकि शेष लोगों को नहीं लगाकर भ्रष्टाचार का खेल खेला गया। उन्होंने इसे भर्ती प्रक्रिया में बड़ा घोटाला बताते हुए कहा कि जनता के पैसों और हॉस्पिटल की व्यवस्था के साथ खुला खेल किया जा रहा है।

# कैम्पियरगंज में वानिकी यूनिवर्सिटी, युवाओं को नौकरी की गारंटी : योगी

बढ़ता राजस्थान

**लखनऊ ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कैम्पियरगंज में बनने जा रहे प्रदेश के पहले वानिकी एवं उद्यान विज्ञान विश्वविद्यालय की डिग्री युवाओं के लिए नौकरी की गारंटी सुनिश्चित करेगी।

**युवाओं और किसानों के लिए अवसर**-मुख्यमंत्री ने कहा कि इस विश्वविद्यालय से डिग्री और डिप्लोमा लेने वाले युवाओं के लिए देश और दुनिया में रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे। इसके साथ ही यह विश्वविद्यालय अन्नदाता किसानों की आमदनी बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह घोषणा उन्होंने जंगल कौड़िया ब्लॉक में पुनर्निर्मित बीडीओ कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद की।

**गिद्धराज जटायु संरक्षण केंद्र का महत्व**-सीएम योगी ने कैम्पियरगंज के गिद्धराज जटायु संरक्षण केंद्र का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में कृतज्ञता दिखाना अहम है। उन्होंने बताया कि माता सीता का हरण करने जा रहे रावण का पहला प्रतिकार गिद्धराज जटायु ने किया था। आज केमिकल और पेस्टिसाइड्स के कारण गिद्धराज की संख्या कम हो रही है।

# भारत से रिश्तों में बांग्लादेश का हित जरूरी : तारिक रहमान

## चीन डेवलपमेंट में सहयोगी, हसीना की वापसी पर कहा- कानून अपना काम करेगा

बढ़ता राजस्थान



**ढाका ( एजेंसी )।** बांग्लादेश आम चुनाव में जीत के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी अध्यक्ष तारिक रहमान ने शनिवार को पहली बार मीडिया से बात की। इस दौरान उन्होंने भारत-बांग्लादेश रिश्तों से जुड़े सवाल पर कहा कि हम बांग्लादेश के हितों को सबसे ऊपर रखेंगे। रहमान ने यह भी कहा कि चीन बांग्लादेश का विकास में सहयोगी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में बांग्लादेश और चीन मिलकर काम करते रहेंगे। उनका कहना था कि दूसरे देशों की तरह चीन भी बांग्लादेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जब उनसे पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत से वापस लाने के बारे में पूछा गया, तो रहमान ने कहा कि यह पूरी तरह कानूनी प्रक्रिया पर निर्भर करेगा।

**रहमान बोले- शार्क को फिर एक्टिव करने की कोशिश करेंगे**

तारिक रहमान ने कहा कि शार्क की शुरुआत बांग्लादेश ने की थी, इसलिए वे इसे फिर से शुरू करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद वे दूसरे देशों से बात करेंगे और संगठन को दोबारा एक्टिव करने की कोशिश करेंगे।

उन्होंने साफ कहा कि देश में कानून-व्यवस्था हर हाल में बनाए रखी जाएगी। शांति और सुरक्षा बिगाड़ने वाली किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कानून सभी पर बराबर लागू होगा।

तारिक रहमान ने देशवासियों से एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि रास्ते और विचार अलग हो सकते हैं, लेकिन देश के हित में सभी को साथ रहना होगा। राष्ट्रीय एकता ही देश की ताकत है और बंटवारा कमजोरी।

तारिक ने कहा कि आज से देश में सच्चे अर्थों में आजादी और अधिकार बहाल हुए हैं। उन्होंने बांग्लादेश की जनता को बधाई देते हुए कहा कि लोगों ने सभी मुश्किलों को पार कर देश में लोकतंत्र की राह बनाई है।

**रहमान बोले- लोगों ने डेढ़ दशक बाद जवाबदेह सरकार चुनी**

बीएनपी अध्यक्ष ने कहा कि देश अब एक नई शुरुआत करने जा रहा है, लेकिन उसे कमजोर अर्थव्यवस्था, कमजोर संविधान और खराब कानून-व्यवस्था जैसी चुनौतियों का सामना करना होगा।

तारिक रहमान ने कहा कि डेढ़ दशक से ज्यादा समय बाद जनता के सीधे वोट से ऐसी संसद और सरकार बनी है, जो लोगों के लिए जवाबदेह होगी।

उन्होंने कहा कि किसी भी बुरी ताकत को दोबारा तानाशाह बनने से रोकने और देश को बचाने के लिए सभी को एकजुट रहना होगा और जनता की इच्छा का सम्मान करना होगा।

# मौसम : राजस्थान में बारिश का अलर्ट, तापमान 5 डिग्री



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में सर्दी के उतार-चढ़ाव के बीच अगले सप्ताह बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के अनुसार अगले सप्ताह जयपुर, बीकानेर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। नए वेस्टर्न डिर्स्टबेंस के सबसे ज्यादा असर 17 और 18 फरवरी को रहेगा। इससे पहले राज्य में मौसम साफ रहने की संभावना है और तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। इस दौरान दिन के तापमान में बढ़ोतरी होने दिन में हल्की गर्मी महसूस हो सकती है, जबकि सुबह-शाम न्यूनतम तापमान सामान्य के आसपास रहने से हल्की सर्दी रहेगी।

**33 डिग्री पर पहुंचा दिन का अधिकतम तापमान**

पिछले 24 घंटे में शुक्रवार को राज्य के बाड़मेर जिले में अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। बाड़मेर में शुक्रवार को सामान्य से थोड़ी ज्यादा गर्मी रही। बाड़मेर के अलावा उदयपुर, जैसलमेर, चित्तौड़गढ़, जोधपुर, डूंगरपुर, जालौर, पाली में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज हुआ।

**शेखावाटी में सर्दी ज्यादा, पारा 10 डिग्री से नीचे**

राज्य के शेखावाटी इलाके चूरू, सीकर, झुंझुनूं, फतेहपुर में कल सुबह-शाम सर्दी थोड़ी ज्यादा रही। सबसे कम न्यूनतम तापमान 4.9 डिग्री सेल्सियस फतेहपुर में दर्ज हुआ। सीकर में न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री रहा।

# रोहतक मेरा प्रेरणा क्षेत्र, मेरे अंदर का वकील आज भी जिंदा, वकीलों से मिला स्नेह, पुरानी यादें ताजा हुई : सीजेआई सूर्यकांत

बढ़ता राजस्थान




**रोहतक ( एजेंसी )।** रोहतक बार एसोसिएशन में पहुंचे चीफ जस्टिस ने भावुक होते हुए कहा कि मजबूरी के कारण आने में देरी हुई और जल्दी जाना पड़ रहा है। लेकिन रोहतक बार एसोसिएशन में आने के लिए काफी बैचेन था, क्योंकि जब भी रोहतक आने का मौका मिला, बार के सदस्यों से काफी स्नेह मिला।

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि एक कर्म क्षेत्र होता है और दूसरा प्रेरणा क्षेत्र। हिसार मेरा कर्मक्षेत्र रहा, जबकि रोहतक मेरा प्रेरणा क्षेत्र है। कर्मक्षेत्र में जाने से पहले प्रेरणा जागृत करनी पड़ती है। इसलिए मैं रोहतक की धरती पर नतमस्तक हूं। जब भी मुझे रोहतक आने का मौका मिला, मुझे काफी लोगों का प्यार मिला।

समय की दुविधा थी, लेकिन रोहतक आना ही था जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि आज समय की दुविधा थी, लेकिन एक बार तो रोहतक आना ही था। अगर दोबारा अवसर मिला तो फिर से आऊंगा। क्योंकि रोहतक बार एसोसिएशन ने केवल हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे देश की न्यायप्रणाली को सुदृढ़ करने का काम किया है। कानूनी विचारधारा बढ़ाने के लिए रोहतक बार का योगदान जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि देश की आजादी, संविधान स्थापना के बाद कानूनी विचारधारा को बढ़ाने और बनाने में रोहतक बार एसोसिएशन का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उसे सेलिब्रेट करने के लिए आज आपके बीच आया हूं। लोगों का विश्वास आज भी न्यायप्रणाली में है और इसमें वकीलों की भूमिका अहम है। मेरे अंदर का वकील आज भी जिंदा जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि मेरे अंदर का वकील आज भी जिंदा हैं, क्योंकि रोहतक मेरा प्रेरणा स्त्रोत है। लेकिन मेरे से ऐसे किसी आदेश की अपेक्षा न करें, जो मेरी न्यायिक प्रक्रिया से बाहर हो। रोहतक बार में जो समस्या हैं, उन्हें दूर करने के लिए हरियाणा सरकार से अनुरोध जरूर करूंगा।

सुप्रीम कोर्ट का बन रहा नया कॉम्प्लेक्स जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का नया कॉम्प्लेक्स तैयार हो रहा है ।

# अमृतसर एयरपोर्ट से 1.64 करोड़ का गांजा बरामद

### बैंकॉक से आया यात्री; व्यवहार पर हुआ शक, कस्टम अधिकारियों ने अरेस्ट किया

बढ़ता राजस्थान

**अमृतसर ( एजेंसी )।** अमृतसर में नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत कस्टम विभाग को सफलता मिली है। कस्टम अमृतसर की टीम ने स्पॉट प्रोफाइलिंग और बैगेज स्क्रीनिंग के दौरान एक यात्री के सामान से 1 किलो 640 ग्राम गांजा बरामद किया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1.64 करोड़ रुपए बताई जा रही है। यह यात्री बैंकॉक से फ्लाइट नंबर स्रू-214 के माध्यम से श्री गुरु राम दास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अमृतसर पहुंचा था। कस्टम अधिकारियों को उसके व्यवहार पर शक हुआ, जिसके बाद सामान की गहन जांच की गई।

जांच में बैग के अंदर छिपाकर रखा गया गांजा बरामद हुआ। कस्टम अधिकारियों ने तुरंत आरोपी यात्री को हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया और एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।



### केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत पहुंचे कुंभलगढ़

# कुंभलगढ़ और चित्तौड़गढ़ दुर्ग के संरक्षण, विकास कार्यो और समस्याओं के समाधान को लेकर की विस्तृत समीक्षा

## कुंभलगढ़ आने वाला प्रत्येक टूरिस्ट दुर्ग तक पहुंचे, यह हमारा दायित्व : शेखावत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत शनिवार को कुंभलगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने कुंभलगढ़ दुर्ग तथा चित्तौड़गढ़ दुर्ग के संरक्षण, संवर्धन और आवश्यक विकास कार्यों को लेकर केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई), पर्यटन विभाग तथा जिला प्रशासन राजसमंद एवं चित्तौड़गढ़ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक ली।

बैठक में कुंभलगढ़ विधायक सुरेन्द्र सिंह राठौड़, पर्यटन विभाग आयुक्त आईएएस रुक्मणी रियार, राजसमंद कलक्टर आईएएस अरुण कुमार हसीजा, चित्तौड़गढ़ कलक्टर आईएएस आलोक रंजन, प्रो. आलोक त्रिपाठी (अपर महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण), टी. लक्ष्मी (क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, पश्चिमी क्षेत्र, मुंबई), राजेश्वरी (निदेशक, वैज्ञानिक परिरक्षण, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, नई दिल्ली), अरविंद कुमार (संयुक्त सचिव, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार), इज़्हार आलम हाशमी (अधीक्षण पुरातत्वविद, जोधपुर मंडल), दिनेश चंद शर्मा (उप अधीक्षण पुरातात्विक अभियंता), सिद्धार्थ वर्मा (सहायक अधीक्षण पुरातात्विक अभियंता) तथा दीपक कुमार मीना (संरक्षण सहायक, उदयपुर) सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

एएसआई ने दोनों दुर्गों पर गत वर्षों में किए गए महत्वपूर्ण संरक्षण एवं विकास कार्यों तथा वर्तमान चुनौतियों से मंत्री शेखावत को प्रेजेंटेशन के माध्यम से अवगत कराया। केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री शेखावत ने कुंभलगढ़ दुर्ग पर पर्यटकों के लिए आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया। विशेष रूप से उनका जोर इस बात पर रहा कि अगर दुर्ग पर पार्किंग से लेकर शिकार तक पर्यटकों की पहुँच आसान नहीं होगी तो फूटफ़ॉल नहीं बढ़ सकेगा।



उन्होंने दुर्ग परिसर में ऊपर तक समुचित पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने, पार्किंग स्थल से दुर्ग के ऊपरी भाग तक पर्यटकों की सुविधा हेतु इलेक्ट्रिक कार्ट संचालित करने तथा महाराणा प्रताप की जन्मस्थली पर आवश्यक एवं स्पष्ट साइनेज, तस्वीरें लगाने के निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक स्मारक से संबंधित ऐतिहासिक एवं तथ्यात्मक जानकारी को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराकर क्यूआर कोड के माध्यम से प्रदर्शित करने को कहा, ताकि पर्यटक डिजिटल माध्यम से प्रामाणिक जानकारी प्राप्त कर सकें। जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा को पार्किंग संबंधी समस्या का स्थायी समाधान निकालने के निर्देश देते हुए मंत्री ने कहा कि पर्यटक सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। दुर्ग क्षेत्र में अतिक्रमण और अवैध निर्माण को लेकर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मंत्री ने पर्यटन संयुक्त निदेशक सुमिता सरोच से होटल एवं रिसॉर्ट्स तथा दुर्ग के वर्तमान फुटफॉल के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। दुर्ग पर पर्यटकों की अपेक्षाकृत कम संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि जब तक ईज ऑफ ट्रैवल सुनिश्चित नहीं होगा, तब तक पर्यटक दुर्ग तक नहीं पहुंचेंगे।

उन्होंने स्पष्ट किया कि कुंभलगढ़ आने वाला प्रत्येक पर्यटक दुर्ग अवश्य पहुंचे, यह प्रशासन और पर्यटन विभाग की सामूहिक जिम्मेदारी है। होटल एवं रिसॉर्ट्स से पर्यटकों का डेटा संकलित कर विश्लेषण करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि पर्यटन रणनीति को अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

दुर्ग पर पर्यटन गतिविधियों को जीवंत बनाने के उद्देश्य से पपेट शो, फोक म्यूजिक कार्यक्रम एवं हेरिटेज वॉक प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स का विशेष टूर आयोजित करने तथा फोटोग्राफी प्रतियोगिता कराने को कहा गया, जिससे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दुर्ग की दृश्यता बढ़ाई जा सके। मंत्री ने दुर्ग परिसर में इमर्सिव जोन विकसित करने के भी निर्देश दिए, जिससे पर्यटकों को ऐतिहासिक अनुभव आधुनिक तकनीक के माध्यम से आकर्षक रूप में मिल सके।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।